उज्जैन
गुरुवार
11
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-218
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651


# दैनिक ब्रह्मास्त्र



'डायरेक्टर ने अपना हाथ रख दिया', कुमकुम भाग्य फेम शिखा सिंह ने फिल्ममेकर की हरकत के बाद फिल्म के ऑडिशन देना छोड़ दिए

## दिल्ली हाईकोर्ट ने न्यूजक्लिक पर ईडी की कार्रवाई रद्द की



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने न्यूजक्लिक और उसके संस्थापक-संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ विदेशी फंडिंग केस में आर्थिक अपराध शाखा की एफआईआर और ईडी की मनी लॉन्ड्रिंग जांच रद्द कर दी। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने कहा- यह कार्रवाई स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता पर शक्तियों का मनमाना हमला और दुरुपयोग थी। जांच एजेंसियां ठोस साक्ष्य के बिना व्यापक जांच करती रहीं। एफआईआर में लगाए आरोपों को सही मान लेने पर भी धोखाधड़ी और भरोसा तोड़ने का आपराधिक केस नहीं बनता है। इसलिए एफआईआर जारी रखना कानून का घोर दुरुपयोग था। कोर्ट ने कहा- धोखाधड़ी के मामले में कोई ऐसा पक्ष होना चाहिए, जिससे धोखा हुआ, पर इस मामले में कोई शिकायत ही नहीं थी।

## 650 करोड़ के घोटाला मामले में दिल्ली उट ने दो डॉक्टरों को निलंबित करने का आदेश दिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की सेंट्रल प्रिक्योरमेंट एजेंसी (सीपीए) में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की खरीद में 650 करोड़ रुपए के महाघोटाले के सामने आने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सख्त रुख अपनाया है। विजिलेंस की छापेमारी में यह बात सामने आई कि सरकारी अस्पतालों के लिए दवाएं, ओआरएस और मेडिकल उपकरण बाजार मूल्य से 10 से 15 गुना अधिक कीमतों पर खरीदे गए थे। मुख्यमंत्री गुप्ता ने एक्स पोस्ट में कहा कि उन्होंने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। इस मामले में एफआईआर दर्ज करने और 2 डॉक्टरों को निलंबित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## ममता बनर्जी को एक और बड़ा झटका, सुष्मिता देव ने छोड़ी टीएमसी और राज्यसभा सदस्यता



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस के भीतर बढ़ती राजनीतिक उथल-पुथल के बीच पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुष्मिता देव ने बुधवार को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के साथ ही पार्टी छोड़ने की घोषणा कर दी। उनके इस फैसले ने न केवल टीएमसी के भीतर चल रही अंदरूनी असंतोष की चर्चाओं को और हवा दे दी है, बल्कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व और पार्टी की एकजुटता को लेकर भी नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

## केरल में इस साल निपाह वायरस का पहला केस मरीज वेंटिलेटर पर

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कोझिकोड में रहने वाला 43 साल का शख्स निपाह वायरस से संक्रमित मिला है। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। मरीज फरोक का रहने वाला एक कारोबारी है। हल्का बुखार आने पर पहले उसे प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। बाद में कोझिकोड मेडिकल कॉलेज भेजा गया। उसकी हालत गंभीर है और वह वेंटिलेटर पर है। स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने कहा कि मरीज बड़ी संख्या में लोगों के संपर्क में आया था। अस्पताल के स्टाफ और अन्य संभावित संपर्कों को क्वारंटीन रहने को कहा गया है। फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं है। केरल में इस साल निपाह वायरस का यह पहला केस है। 2018 के बाद से राज्य में 6वीं बार संक्रमण फैला है। आखिरी बार दो साल पहले 2024 में दो केस मिले थे।

## अल्बानिया में ट्रम्प के दामाद के रिसॉर्ट प्रोजेक्ट के खिलाफ हजारों लोग सड़कों पर उतरे



**तिराना।** अल्बानिया की राजधानी तिराना में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद जैरेड कुशनर के लग्जरी रिसॉर्ट प्रोजेक्ट के खिलाफ हजारों लोगों ने प्रदर्शन किया। करीब 55 हजार करोड़ रुपए की लागत वाले इस प्रोजेक्ट का विरोध पर्यावरण की चिंता की वजह से हो रहा है। दरअसल, यह रिसॉर्ट एक संरक्षित तटीय इलाके के पास बनाया जाना है। यह क्षेत्र फ्लेमिंगो, सील और समुद्री कछुओं जैसे वन्यजीवों का आवास माना जाता है। प्रदर्शनकारियों ने अल्बानिया बिकाऊ नहीं है जैसे पोस्टर लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

## एथेनॉल वाले पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी जीरो हुई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार 22% से लेकर 30% तक एथेनॉल मिले पेट्रोल पर कोई एक्साइज ड्यूटी नहीं लगी। ए20, यानी 20% एथनॉल मिले पेट्रोल पर कोई राहत नहीं दी गई है। केंद्र सरकार ने देश में क्रूड ऑयल, यानी कच्चे तेल के इम्पोर्ट को कम करने और क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया है। भारत सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी कर पेट्रोल में हाई लेवल एथेनॉल ब्लेंडिंग को एक्साइज ड्यूटी से मुक्त कर दिया है। इसके तहत जिस पेट्रोल में 22% से लेकर 30% तक एथेनॉल मिला होगा, उस पर कोई एक्साइज ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी।

# पीओके में पाकिस्तानी सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश

### 21 सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने की खबर, दावा- प्रदर्शन रोकने के लिए जा रहे थे सैनिक

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सेना का एक एमआई-17 हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा मुजफ्फराबाद के पास उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हुआ। हेलिकॉप्टर में सवार सभी 21 सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि सेना ने अभी यह नहीं बताया है कि हेलिकॉप्टर में कुल कितने लोग सवार थे।

शुरूआती जानकारी के मुताबिक, ये सुरक्षाकर्मी पीओके के नीलम घाटी सेक्टर जा रहे थे। वहां पर विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों को लेकर विवाद चल रहा है। इस वजह से सरकार वहां एक्स्ट्रा सैनिक तैनात कर रही है। मुजफ्फराबाद में उड़ान भरने के बाद हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन सुरक्षित उतारा नहीं जा सका। पाकिस्तानी सेना ने कहा है कि दुर्घटना की असली वजह का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं।



### आर्मी चीफ ने हादसे की जांच का आदेश दिया

सेना ने कहा है कि दुर्घटना की असली वजह पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर समेत सेना के सभी अधिकारियों और जवानों ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी हेलिकॉप्टर हादसे पर शोक जताया। दोनों नेताओं ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की और कहा कि पूरा देश इन सैनिकों के बलिदान को सलाम करता है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि देश इन बहादुर सैनिकों की कुबार्नी को हमेशा याद रखेगा। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दोनों ने मृतकों के लिए प्रार्थना की और उनके परिवारों को इस दुख को सहने की शक्ति मिलने की कामना की।

### पीओके में प्रदर्शन को रोकने सेना तैनात

यह हादसा ऐसे समय हुआ है जब मुजफ्फराबाद और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था काफी सख्त है। हाल के दिनों में वहां बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई थी। इसकी वजह यह थी कि एक विरोध आंदोलन से जुड़े लोगों ने प्रदर्शन करने का ऐलान किया था, जबकि स्थानीय सरकार ने उस संगठन पर आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत प्रतिबंध लगा दिया था। रविवार को क्षेत्र के पुंछ जिले की राजधानी रावलाकोट में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़पों में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई थी।

## अमेरिका का ईरान पर लगातार दूसरे दिन हमला



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव**

अमेरिका ने गुरुवार सुबह ईरान के कई ठिकानों पर नए हवाई हमले किए है। यह अप्रैल में हुए सीजफायर के बाद लगातार दूसरे दिन बड़ा अटैक है। ईरानी मीडिया के मुताबिक केश्म द्वीप, बंदर अब्बास, मीनाब और सीरिक में धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं। कई इलाकों में एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव कर दिए गए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान समझौते की बातचीत में देरी कर रहा है, इसलिए अमेरिका दबाव बनाए रखेगा। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी सेना ने 49 टॉमहॉक मिसाइलें दागीं और लड़ाकू विमानों से भी हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया है। हालांकि, किसी नुकसान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ईरान ने एक बार फिर होर्मुज स्ट्रेट को सभी जहाजों के लिए बंद कर दिया है। हालांकि अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इसे खारिज कर दिया।

### नियमों की अनदेखी : धड़ल्ले से नई यात्री बसों का पंजीयन किया जा रहा

## 192 बसों के पंजीयन निरस्त करने के आदेश जारी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

प्रदेश के परिवहन विभाग ने एक बड़ा कदम उठाते हुए जिले की 192 बसों सहित प्रदेशभर की 2440 नई बसों के पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) निरस्त करने के आदेश जारी हैं। परिवहन आयुक्त उमेश जोगा ने यह आदेश जारी किए हैं।

परिवहन आयुक्त कार्यालय को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि प्रदेश के कई क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों (आरटीओ) में नियमों की अनदेखी कर धड़ल्ले से नई यात्री बसों का पंजीयन किया जा रहा है। नियमानुसार, 1 सितंबर 2025 से पहले बस चेसिस पर अलग से बनाई गई बॉडी के लिए बस बॉडी बिल्डर द्वारा फॉर्म 22बी जारी कर सेल्फ सर्टिफिकेशन (स्व-प्रमाणीकरण) किए जाने का प्रावधान था। इसके बाद अप्रूवल सर्टिफिकेट अनिवार्य किया गया था। वाहन पोर्टल के आंकड़ों की जांच में सामने आया कि नियमों को ताक पर रखकर प्रदेश



में चैसिस पर अलग से बॉडी बनवाने वाली 1487 यात्री बसों सहित कुल 2440 नई बसों का रजिस्ट्रेशन कर दिया गया।

इस नियम विरुद्ध कार्रवाई में सबसे आगे इंदौर, नीमच, देवास, उज्जैन, आगर मालवा, भोपाल, झाबुआ और खरगोन के आरटीओ कार्यालय रहे हैं। परिवहन आयुक्त ने आदेश के साथ संबंधित बसों की सूची जिला परिवहन अधिकारियों को भेज दी है। उन्होंने सभी आरटीओ को निर्देशित किया है कि नियमों के उल्लंघन में पंजीकृत हुईं इन सभी बसों के पंजीयन 15 दिनों के भीतर निरस्त कर रिपोर्ट सौंपें। इस आदेश के बाद मध्य प्रदेश बस ऑनर्स एसोसिएशन मैदान में उतर आया है। एसोसिएशन के प्रदेश पदाधिकारी जय कुमार जैन और उज्जैन संभाग के प्रभारी शिव कुमार शर्मा ने परिवहन मंत्री और विभाग के आला अफसरों के सामने इस आदेश पर सख्त आपत्ति दर्ज कराई है। पदाधिकारियों का कहना है कि जब ये बसें शासन की गाइडलाइन और नियमों के तहत फिट नहीं बैठ रही थीं, तो आरटीओ कार्यालयों ने इनका पंजीयन क्यों किया? अधिकारियों को उसी वक्त इन्हें रोकना चाहिए था। बस मालिकों ने नियमानुसार पूरा सरकारी शुल्क जमा किया और वैध प्रक्रिया के तहत पंजीयन कराया। इसमें धोखाधड़ी या लापरवाही आरटीओ अफसरों या बस बॉडी बिल्डर की है। अचानक पंजीयन निरस्त होने से बस मालिकों को करोड़ों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा और यात्री परिवहन व्यवस्था भी ठप हो जाएगी।

### इमरान हाशमी की फिल्म की शूटिंग पर बवाल, सेट पर लगाया बार का बोर्ड

## हिंदूवादी संगठनों का हंगामा, हटाना पड़ा नाम

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ हरिद्वार**

हरिद्वार में बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी की फिल्म की शूटिंग के दौरान बार एंड रेस्टोरेंट के सीन को लेकर विवाद हो गया। जैसे ही कुछ हिंदूवादी संगठनों और तीर्थ पुरोहितों को सेट के बारे में पता चला, वे मौके पर पहुंच गए।

इसके बाद उन्होंने बार एंड रेस्टोरेंट के सेट का जोरदार विरोध शुरू कर दिया। बढ़ते विरोध को देखते हुए फिल्म यूनिट और मकान संचालकों को बोर्ड से बार शब्द हटाना पड़ा, जिसके बाद मामला शांत हो सका। शूटिंग कर रही टीम की ओर से यह नहीं बताया गया कि किस फिल्म की शूटिंग चल रही थी।

घटना के दौरान इमरान हाशमी हरिद्वार में मौजूद रहे। मामले को लेकर एक्टर की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। घटना के दौरान के वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें लोग फिल्म निमार्ताओं से बहस और धक्का-मुक्की करते नजर आ रहे हैं।



**मेकर्स शूटिंग के लिए सेट तैयार कर रहे थे-** घटना से जुड़ा हुआ 2 मिनट 28 सेकेंड का वीडियो सामने आया है, जिसमें दिखता है कि मेकर्स शूटिंग के लिए सेट तैयार कर रहे थे, जिसके लिए बार एंड रेस्टोरेंट के बोर्ड को बाहर से चमकाया जा रहा था। घटना की जानकारी जैसे ही हिंदूवादी लोगों को मिली, तो करीब 10 से 12 लोग वहां पहुंच जाते हैं और फिर बोर्ड उतारने की मांग करते हुए मेकर्स से बहस करने लगते हैं। वे कहते हुए सुनाई देते हैं कि यह मां गंगा का स्थान है, यहां यह सब नहीं चलेगा।

## एआई से अश्लील वीडियो बनाकर छात्राओं को किया बदनाम

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ अनूपपुर**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू) अमरकंटक की दो छात्राओं ने अपनी पूर्व रूममेट और उसके भाई पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक का दुरुपयोग कर अश्लील वीडियो तैयार करने, सोशल मीडिया पर वायरल करने और उनकी छवि धूमिल करने का गंभीर आरोप लगाया है। छात्राओं का कहना है कि इस घटनाक्रम ने उनके जीवन और शिक्षा दोनों को गहरा प्रभावित किया है। मानसिक प्रताड़ना और सामाजिक अपमान के कारण वे पिछले दो माह से विश्वविद्यालय से दूर अपने घरों में रहने को मजबूर हैं। पीड़ित छात्राओं के अनुसार, विश्वविद्यालय परिसर के छात्रावास में कमरा उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्होंने कैंपस के बाहर एक किराए के मकान में रहना शुरू किया था। वहां उनके साथ एक अन्य छात्रा भी रहती थी। शुरूआत में सब कुछ सामान्य था, लेकिन बाद में सह-निवासी छात्रा के साथ आर्थिक और अन्य मुद्दों को लेकर विवाद की स्थिति बन गई।

## सिर काटने की कोशिश के बाद आयरलैंड-ब्रिटेन में भड़के दंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लंदन**

आयरलैंड के बेलफास्ट में एक आयरिश व्यक्ति का सिर काटने की कोशिश के विरोध में शुरू हुआ प्रदर्शन बड़े एंटी-इमिग्रेशन दंगों में बदल गया। आयरलैंड और ब्रिटेन में एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर हिंसा, आगजनी और लूटपाट की घटना सामने आई। बेलफास्ट और उसके आसपास के इलाकों में नकाबपोश भीड़ ने घरों, दुकानों, बसों और कारों को निशाना बनाया।

### 'खजुराहो में 45 डिग्री पर पहुंचा पारा; कल 6 जिलों में ओले गिरने की चेतावनी

## ग्वालियर-जबलपुर समेत 34 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

मध्य प्रदेश में प्री-मानसून गतिविधियां तेज हैं। ट्रफ और साइक्लोनिक सकुर्लेशन के असर से प्रदेश में लगातार बारिश और तेज आंधी का दौर जारी है।

बुधवार को 20 से ज्यादा जिलों में मौसम बदला रहा, जबकि गुरुवार को ग्वालियर, जबलपुर समेत 34 जिलों में 40 से 60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले सप्ताह मानसून के सक्रिय होने तक प्री-मानसून का असर बना रहेगा। शुक्रवार को मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में ओलावृष्टि की भी संभावना है।

आंधी-बारिश के बावजूद गर्मी का असर बना हुआ है। बुधवार को खजुराहो लगातार दूसरे दिन प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

ग्वालियर में 43.1 डिग्री, जबलपुर में 40.5 डिग्री, भोपाल में 40.4 डिग्री, उज्जैन में 39.5 डिग्री और इंदौर में 38.9 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया।

मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा के अनुसार, प्रदेश में सक्रिय प्री-मानसून सिस्टम, ट्रफ और साइक्लोनिक सकुर्लेशन के कारण मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है।

13 जून को ग्वालियर-चंबल और बुंदेलखंड के कुछ जिलों में तेज आंधी का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है।

आज इन जिलों में अलर्ट मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को ग्वालियर, दतिया, मुरैना, भिंड, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में आंधी-बारिश होने का अनुमान है।

### चुनाव आयोग से कोई जवाब नहीं, सुप्रीम कोर्ट पहुंची कांग्रेस

## मीनाक्षी का नामांकन रद्द होने को लेकर आज दिल्ली हेडक्वार्टर में बैठक, राष्ट्रपति से मुलाकात

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

मध्य प्रदेश से राज्यसभा सीट के लिए मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के खिलाफ कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात 1 बजकर 48 मिनट पर डिजिटल माध्यम से दायर की गई। इस पर कब सुनवाई होगी, यह फिलहाल तय नहीं है।

दरअसल, मामले पर चुनाव आयोग की चुप्पी ने कांग्रेस की धड़कनें बढ़ा दी हैं। सूत्रों के अनुसार, आयोग इस मामले में कानूनी राय लेने के बाद फैसला करेगा। आज गुरुवार को दोपहर 3 बजे तक का समय सबसे अहम माना जा रहा है, क्योंकि यही नाम वापसी की अंतिम समय-सीमा है। यदि तब तक आयोग कांग्रेस के पक्ष में कोई फैसला नहीं करता या खामोश ही रहता है तो भाजपा उम्मीदवार महेश केवट का निर्वाचन तय हो जाएगा। बाकी दो सीटों पर भाजपा उम्मीदवार तरुण चुग और रजनीश अग्रवाल का निर्विरोध हैं। ऐसे में प्रदेश की तीनों राज्यसभा सीटें भाजपा बिना लड़े जीत जाएगी। उधर, कांग्रेस आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेगी। आज ही दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में भी सीनियर नेताओं की एक बैठक होगी।

**आयोग नामांकन बहाल करता है तो चुनाव फिर मुकाबले में बदल जाएगा-** पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत के अनुसार, यदि चुनाव आयोग यह मानता है कि रिटर्निंग ऑफिसर से त्रुटि हुई है तो वह स्पष्ट आदेश जारी कर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन वैध घोषित कर सकता है। ऐसे में फिर से वोटिंग होगी।



**आयोग राहत नहीं देता तो भाजपा उम्मीदवारों का निर्विरोध निर्वाचन होगा-** यदि आयोग हस्तक्षेप नहीं करता या रिटर्निंग ऑफिसर के फैसले को बरकरार रखता है, तो कांग्रेस उम्मीदवार चुनाव से बाहर मानी जाएंगी। ऐसे में भाजपा के तीनों उम्मीदवार निर्विरोध जीतेंगे।

**आज दोपहर 3 बजे का समय क्यों महत्वपूर्ण-** 11 जून दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी का समय निर्धारित है। यदि आयोग को मीनाक्षी के पक्ष में कोई फैसला देना है तो उसे इसी समय तक देना होगा। इसलिए सबकी नजर इस पर है कि फैसला कब आता है।

**कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट गई तो क्या होगा-** आयोग से राहत नहीं मिलने पर कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकती है। वहां फैसले की न्यायिक समीक्षा मांग सकती है और अंतरिम राहत की भी मांग कर सकती है। हालांकि, केवल याचिका दाखिल होने से चुनाव प्रक्रिया नहीं रुकेगी। यह सब सुप्रीम कोर्ट के रुख पर निर्भर करेगा।

## भारतीय मेजर ने 91 देशों को पीछे छोड़कर अमेरिका में जीते अवॉर्ड



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लंदन**

भारतीय सेना के मेजर प्रभात मिश्रा ने अमेरिकी सेना कमांड और जनरल स्टाफ कॉलेज (सीजीएससी) में दो शीर्ष शैक्षणिक अवॉर्ड जीते हैं। मेजर मिश्रा को उत्कृष्ट मास्टर ऑफ मिलिट्री आर्ट्स एंड साइंस थीसिस के लिए बिरर-ब्रूक्स अवॉर्ड दिया गया है। वहीं, जनरल डगलस मैकआर्थर मिलिट्री लीडरशिप राइटिंग अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। 10 महीने के इस नेतृत्व कार्यक्रम में 92 देशों के अधिकारी शामिल हुए। इस वर्ष 951 को उपाधि मिली। अमेरिका का यह कॉलेज दुनिया के सबसे प्रमुख सैन्य शिक्षा संस्थानों में से एक है। 1894 से 170 देशों के 8,700 अफसर प्रशिक्षण ले चुके हैं।




गूंजन श्रीवास्तव 98363 96368

## खबर एक नजर...

### सिंधु सेना की भागवत कथा के दूसरे दिन उमड़ा जनसैलाब

**उज्जैन।** सिंधु सेना के तत्वाधान में सिंधी कॉलोनी स्थित कथा स्थल पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। कथावाचक ज्योतिषाचार्य मुकुंदाचार्य जी महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से भगवान की विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर सभी भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। दूसरे दिन की कथा विश्राम के पश्चात महाआरती की गई और सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। आयोजन से जुड़े राजकुमार परसवानी ने बताया कि सिंधु सेना के अध्यक्ष किशोर मुलानी एवं मित्र मंडली द्वारा कथा की सभी व्यवस्थाएं संभाली जा रही हैं। कथा के दौरान बड़ी संख्या में सिंधी समाज के प्रबुद्धजन और मातृशक्ति भागवत रसपान के लिए पहुंच रही है। कथा में महिलाओं की भी भारी उपस्थिति रही, जिसमें मुख्य रूप से माया मुलानी, रिंकू बेलानी, स्वाति गजरानी, रोशनी मुलानी, रेशमा गंगवानी, वीना परसवानी, डिंपल मुलानी और सोनिया नाथानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण मौजूद रहे।

### 84 महादेव दर्शन यात्रा का शंखनाद, 400 से अधिक महिलाओं ने की सहभागिता

**उज्जैन।** स्वर्गीय अरुण वर्मा की स्मृति में अरुण वर्मा सेवा समिति द्वारा बुधवार को पांच दिवसीय 84 महादेव दर्शन यात्रा का भव्य शुभारंभ हुआ। धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित इस यात्रा का विधिवत पूजन महामंडलेश्वर शैलेषानंद जी ने किया। गोविंद खंडेलवाल के संरक्षण में निकाली जा रही इस यात्रा के पहले दिन 400 से अधिक महिलाओं सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। आयोजक समिति के वीरभद्र वर्मा ने बताया कि यात्रा का प्रारंभ हरसिद्धि मंदिर के पीछे स्थित संतोषी माता मंदिर परिसर के अगस्त्येश्वर महादेव मंदिर से हुआ। बुधवार 10 जून को यात्रा ने 27 महादेवों के दर्शन किए और इसका पहला पड़ाव रूद्र सागर पर संपन्न हुआ। जन कल्याण को समर्पित इस यात्रा के आगामी मार्ग के तहत 11 जून गुरुवार को यात्रा गोवर्धन सागर निकास चौराहा से प्रारंभ होगी। इसी तरह 12 जून शुक्रवार को पुरुषोत्तम सागर इन्दिरा नगर, 13 जून शनिवार को क्षीर सागर और 14 जून रविवार को अंतिम दिन पुष्कर सागर नलिया बाखल से यात्रा की शुरूआत होगी। सभी 84 महादेवों के दर्शन पूर्ण होने के पश्चात 14 जून को यात्रा का समापन पुनः अगस्त्येश्वर महादेव मंदिर, संतोषी माता मंदिर परिसर में होगा।

### कांग्रेसियों में आक्रोश, अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष किया उपवास

**उज्जैन।** राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने बुधवार को टावर चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष उपवास कर विरोध दर्ज कराया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर हुए इस आयोजन में कांग्रेसियों ने इसे लोकतंत्र की हत्या और भाजपा का षड्यंत्र करार दिया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने बताया कि कार्यकताओं ने हाथों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निमार्ता डॉ. अंबेडकर के चित्र लेकर इस घृणित कार्य की कड़ी निंदा की। संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि उपवास की शुरूआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। पूरे कार्यक्रम के दौरान 'रघुपति राघव राजा राम' भजन चलता रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजित सिंह ठाकुर, देवव्रत यादव, धीरज यादव, राजेश राणा, अशोक सारवान, भेरू सिंह बापू, फिरोज पठान, देवेन्द्र ?टनी, आनंद मीणा, अभिषेक शर्मा, रहीम लाला, संचित शर्मा, राहुल लोट, गजेन्द्र मारोठिया, बंटी वसीम, दिपेश जैन, मुकेश सूर्यवंशी, फीरोज भारती, अनवर नागोरी, हर्ष पुरोहित, आशीष ठाकुर, धमेंद्र सिसोदिया, चंदू यादव, मनोज त्रिवेदी, पवन यादव, राजेश चौहान, रमेश सांखला, कृष्णा यादव, संदीप सूर्यवंशी, दुर्गेश धवन, छोटेलाल मंडलोई, राहुल भाटी, वीरेंद्र गोसर, देवीलाल लोहरिया, अनवर बाबा, हेमंत गोमे, बबलू सैयद, संजय आंजना, चेतन भाट, सुरेश गहलोत, सुरेश वासनिक, मनीष गोमे, गब्बर ठाकुर, चुन्नी लाल धैर्य, जाहिद पहलवान, पीयूष चौधरी, शेर खान, निलेश खुले, पीयूष सारवान, दानेश राठी, अर्पण राठौर, ललित मीणा, सत्य नारायण राठौर, मनोहर लाल गोहर, सोनिया ठाकुर, स्वाति सिंह, मदीना अली, मलिका अली, रश्मि त्रिवेदी, नीलम विश्वास, नीलम जार्ज और कल्पना कुंभारे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चारभुजा नाथ मंदिर में सजी नंदोत्सव और दही हांडी लीला की मनमोहक झांकी

**उज्जैन।** पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में प्रतिदिन आकर्षक झांकियों का आयोजन किया जा रहा है। इन मनमोहक झांकियों के दर्शन का लाभ प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु ले रहे हैं। इसी कड़ी में मंदिर में नंदोत्सव और दही हांडी लीला उत्सव की आकर्षक झांकी सजाई गई। मनोरथी श्रीमती शांतादेवी अशोक कुमार मंडोवरा और हेमंत कुमार बुद्धिप्रकाश सोनी की ओर से पंडित बृजभूषण दीक्षित द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न कराया गया। इसके पश्चात मनोरथी परिवार द्वारा भगवान की विशेष आरती की गई। इस अवसर पर मनोरथी परिवार के सदस्य केतन मंडोवरा, शीला मंडोवरा, ध्वनि मंडोवरा, हेमंत मंडोवरा, प्रीती मंडोवरा और धवल मंडोवरा ने भी सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### औचक निरीक्षण में निगमायुक्त को कई कर्मचारी मिले नदारद

# निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा की सख्ती, निरीक्षण में खुली कर्मचारियों की पोल, एक निलंबित, पांच का वेतन काटने के आदेश

### बिना सूचना अनुपस्थित रहने वालों पर गिरी कार्रवाई की गाज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बुधवार को निगम मुख्यालय के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली की जांच की। निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए, जिस पर आयुक्त ने तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।

स्थापना शाखा के निरीक्षण के दौरान सहायक वर्ग-3 अभिषेक रघुवंशी 1 जून से लगातार अनुपस्थित पाए गए। जांच में सामने आया कि उन्होंने 1 से 5 जून तक अवकाश का आवेदन दिया था, लेकिन उसे स्वीकृति नहीं मिली थी। इसके बावजूद वे 5 जून के बाद भी कार्यालय नहीं पहुंचे। मामले को गंभीर मानते हुए आयुक्त ने उन्हें निलंबित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सहायक वर्ग-3 हर्षिल शाह भी अनुपस्थित पाए गए, जिनका दो दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन तथा सामान्य प्रशासन विभाग में निरीक्षण के दौरान चार अन्य कर्मचारी भी अनुपस्थित मिले। इनमें सोनू मकवाना, पूजा चौधरी, लक्ष्मी राणावत और राजूबाई शामिल हैं। इन सभी का दो-दो दिन का वेतन काटने के आदेश जारी किए गए।

आयुक्त ने स्थापना शाखा के अलावा जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन शाखा, मानचित्र विभाग और सामान्य प्रशासन विभाग का भी निरीक्षण किया। इस दौरान विभागवार कर्मचारियों की जानकारी ली गई और उपस्थिति रजिस्टर का गहन परीक्षण किया गया। आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी कर्मचारी के बिना सूचना अनुपस्थित पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त मनोज कुमार मौर्य भी मौजूद रहे।

### भारत के हठयोग से निरोग हो रहा विश्व

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व बेला में मयूर पार्क विक्रम वाटिका में 'एक कदम स्वस्थ वृद्धावस्था की ओर' विषय पर अनूठे लाठी योग और प्राणायाम का आयोजन किया गया। ब्रह्मयोग फिट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मुकेश टटवाल ने कहा कि भारत के हठयोग के कारण पूरा विश्व निरोग बन रहा है। योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि शरीर से मन और आत्मा तक पहुंचने की एक यात्रा है। उन्होंने उपस्थित लोगों को संदेश दिया कि अपनी सेहत और व्यायाम से प्रेम करें, वरना आप किसी से भी प्रेम करने लायक नहीं रहेंगे। कार्यक्रम में योगाचार्य प्रीति जैन बम्बोड़ी ने लाठी के माध्यम से कटि चक्रासन, अर्ध उत्तानासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, पर्वतासन और अश्व संचालन जैसे उपयोगी आसन करवाए। इसके जरिए शरीर का संतुलन, लचीलापन, रीढ़ की मजबूती और मानसिक शांति के गुर सिखाए गए।

### 12 ज्योतिर्लिंग राम कथा के पांचवें दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# दशहरा मैदान में चल रही कथा में भजनों और पुष्प वर्षा के बीच उल्लास से मनाया श्रीराम-सीता विवाह महोत्सव





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दशहरा मैदान में आयोजित नौ दिवसीय 12 ज्योतिर्लिंग राम कथा के पांचवें दिन बुधवार को श्रीराम विवाह महोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। कथावाचक कुलदीप महाराज के मुखारविंद से भगवान राम और माता सीता के दिव्य विवाह प्रसंग का वर्णन सुनकर हजारों श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

विवाह प्रसंग के दौरान समूचा पांडाल भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। कथा के बीच भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर और जयघोष लगाकर उत्सव का आनंद लिया। यह कथा 6 जून से शुरू हुई है, जो 14 जून तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से आयोजित की जा रही है। मुख्य आयोजक अजीत गुप्ता के नेतृत्व में हो रहे इस आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मीडिया प्रभारी शिवम भार्गव ने बताया कि कथा के आगामी दिनों में भी भगवान श्रीराम की पावन लीलाओं के विभिन्न प्रसंग सुनाए जाएंगे। आयोजक मंडल ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पहुंचकर श्रवण करने का आग्रह किया है।

### आशा एवं सहयोगिनी कार्यकताओं ने सौंपा ज्ञापन, एकमुश्त मानदेय की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आशा एवं सहयोगिनी कार्यकर्ता महासंघ जिला उज्जैन द्वारा मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश को एक ज्ञापन सौंपा गया। महासंघ की प्रदेश महामंत्री एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती सुमन पटेल के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में आशा कार्यकताओं और सुपरवाइजरों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण तथा न्यायोचित मांगों को पूर्ण करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा सितंबर 2023 में की गई घोषणा के अनुरूप आशा कार्यकताओं और सुपरवाइजरों को प्रति वर्ष 1000 रुपए की मानदेय वृद्धि का लाभ अभी तक नहीं मिल पा रहा है। इसके अतिरिक्त केंद्र, राज्य और एनएचएम द्वारा मिलने वाली प्रोत्साहन राशि पिछले कई महीनों से समय पर नहीं दी जा रही है। कार्यकताओं ने मांग की है कि पूर्व की भांति केंद्र, राज्य और एनएचएम की राशि एकमुश्त प्रदान की जाए ताकि कम पढ़ी-लिखी कार्यकताओं को भुगतान की सही जानकारी मिल सके। लगातार तीन-तीन माह तक पारिश्रमिक न मिलने के कारण आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आने वाली ये कार्यकर्ता गहरे संकट का सामना कर रही हैं। संगठन ने अपनी प्रमुख मांगों में आशा वर्कर्स को न्यूनतम 18000 रुपए और आशा सहयोगिनी को 24000 रुपए प्रतिमाह वेतन देने तथा इन्हें ईपीएफ, ईएसआई व पेंशन के दायरे में लाने की मांग की है। इसके साथ ही कार्य के दौरान दुर्घटना या मृत्यु होने पर 5 लाख रुपए का मुआवजा, सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त 10 लाख रुपए का भुगतान, योग्यताधारी आशा वर्कर्स को एएनएम के पद पर पदोन्नति, सेवानिवृत्ति की आयु सीमा बढ़ाकर 65 वर्ष करने और वर्ष में दो बार यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई है।

### जटेश्वर महादेव का पंचामृत अभिषेक कर मनाया जश्न

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश में सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का ऐतिहासिक कीर्तिमान रचने पर बुधवार को शहर में हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया गया। 10 जून 2026 को प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यकाल के 4399 दिन पूरे कर लिए हैं। इस बड़ी उपलब्धि पर भाजपा विक्रमादित्य मंडल के उपाध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में अंकपात क्षेत्र स्थित ऋषि तलाई के जटेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का विशेष पंचामृत अभिषेक किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के 4398 दिनों तक पद पर रहने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इस गौरवमयी अवसर पर भाजपा कार्यकताओं और धर्मप्राण जनता ने जटेश्वर महादेव का दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से अभिषेक किया। सभी ने 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के संकल्प के साथ देश का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री मोदी की दीघार्यु की कामना की।

आयोजन के दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भी विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया। कार्यकताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में उज्जैन में आगामी सिंहस्थ को लेकर करोड़ों रुपयों के विकास कार्य निरंतर जारी हैं।

### पूर्व जन्म के तपस्वी ऋषि और वेद की ऋचाएं थीं गोपियां

# छोटा सराफा स्थित लक्ष्मीनृसिंह मंदिर में चल रही रास पंचाध्यायी कथा में स्वामी माधवप्रपन्नाचार्य ने सुनाया महारास का प्रसंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



छोटा सराफा स्थित श्री लक्ष्मीनृसिंह मंदिर में चल रही रास पंचाध्यायी कथा के तीसरे दिन बुधवार को महारास का प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास श्रीरामानुजकोट के युवराज स्वामी डॉ. माधवप्रपन्नाचार्यजी महाराज ने बताया कि जिन्हें हम साधारण ब्रज-बालाएं समझते हैं, वे वास्तव में पूर्व जन्म के बड़े-बड़े ऋषि-मुनि, दंडक वन के तपस्वी और वेद की ऋचाएं थीं। त्रेता युग में भगवान राम से दंडक वन के ऋषियों ने आलिंगन की कामना की थी, जिसे प्रभु ने द्वापर में श्रीकृष्ण रूप में पूरा किया।

महाराजश्री ने बताया कि महारास में वासना का लेशमात्र भी नहीं है, यह जन्मों-जन्मों के तपस्वी ऋषियों का भगवान से दिव्य मिलन है। शरद पूर्णिमा की रात श्रीकृष्ण के बांसुरी बजाने पर गोपियां सुध-बुध खोकर उनकी ओर दौड़ पड़ीं। भगवान ने एक साथ अनेक रूप धारण कर प्रत्येक गोपी के साथ रास किया, जो यह दशार्ता है कि परमात्मा हर साधक के लिए पूर्ण रूप से उपलब्ध हैं।

कथा में बताया गया कि रास के दौरान जब गोपियों के मन में यह अभिमान आया कि श्रीकृष्ण केवल उनके हैं, तो भगवान अंतर्धान हो गए। जैसे ही गोपियों ने दीन होकर पश्चाताप किया, वे फिर प्रकट हो गए। यह लीला सिखाती है कि भगवान ज्ञान या तप से नहीं, बल्कि निर्मल प्रेम और अहंकार-शून्यता से मिलते हैं। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और मंदिर जय राधे-श्याम के उद्घोष से गूंज उठा।

प्रवक्ता फाल्गुनी बियाणी ने बताया कि गुरुवार 11 जून को कथा का चतुर्थ और अंतिम दिन होगा। दोपहर 3:30 बजे महाआरती के साथ कथा विश्राम लेगी।

# वीर बंदा बैरागी की शौर्य गाथा हिंदी पाठ्यक्रम में शामिल हो- मनोहर बैरागी

### वैष्णव बैरागी समाज धर्मशाला में मनाया गया अमर शहीद का बलिदान दिवस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सनातन धर्म की रक्षा के लिए लगभग 300 वर्ष पूर्व मुगलों के आतंक का डटकर मुकाबला करने वाले वीर शिरोमणि, राष्ट्रभक्त अमर शहीद बाबा बंदा सिंह बहादुर (बंदा बैरागी) का बलिदान दिवस अंकपात स्थित वैष्णव बैरागी समाज धर्मशाला में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी दादा मनोहर बैरागी रहे। अध्यक्षता खेड़ापति हनुमान सरकार के गादीपति महंत श्री हरिहर रसिक महाराज ने की।

इस अवसर पर वीर बंदा बैरागी के अदम्य साहस को रेखांकित करते हुए मुख्य अतिथि मनोहर बैरागी ने कहा कि आज से लगभग 300 वर्ष पूर्व देश में, विशेषकर पंजाब में मुगल शासकों का अत्याचार चरम पर था। हिंदुओं और सनातनियों पर हो रहे जुल्मों तथा गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों को जिंदा दीवार में चुनवाने का बदला लेने के लिए गुरु गोविंद सिंह जी ने बंदा बैरागी को अपना शिष्य बनाया। उन्होंने बंदा बैरागी को राष्ट्र और धर्म की रक्षा का संकल्प दिलाया। इसके बाद वीर बंदा बैरागी ने एक विशाल सेना तैयार कर मुगलों के खिलाफ जंग का ऐलान किया और हिंदुओं पर अत्याचार करने वाले सरहिंद के नवाब वजीर खान और गुरु तेग बहादुर जी का सिर काटने वाले जलालुद्दीन जैसे क्रूर अत्याचारियों का अंत किया।

#### धर्म बदलने के लालच को ठुकराया, मातृभूमि के लिए दिया बलिदान

वक्ताओं ने बताया कि जब मुगलों ने छल से बंदा बैरागी को बंदी बनाया, तो उन्हें जीवित छोड? और मुगल साम्राज्य में ऊंचा पद देने के साथ-साथ धर्म परिवर्तन करने का लालच दिया गया। लेकिन इस महायोद्धा ने मुगलों की शर्त को ठुकराते हुए स्पष्ट कहा कि मुझे अपने हिंदू धर्म और अपनी माटी से जान से भी ज्यादा प्यार है। इसके बाद उन्होंने हंसते-हंसते अपने परिवार सहित धर्म और राष्ट्र की वेदी पर सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एस.एन. शर्मा, प्रशांत महंत, नीरज वैष्णव, डॉ. ओमप्रकाश बैरागी और जितेंद्र बैरागी ने संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे महान राष्ट्रभक्त की शौर्य गाथा से हमारी आने वाली पीढ़ी को रूबरू कराना बेहद जरूरी है। समाजजनों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वीर बंदा बैरागी के जीवन परिचय को स्कूली शिक्षा के हिंदी पाठ्यक्रम में शामिल करने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मांग पत्र सौंपा जाएगा।


## वैस्टर्न रेल्वे स्पेशल ट्रैनों चलिष्यन्ति

| ट्रेन संख्या | प्रस्थानस्थानं तथा डेस्टिनेशन स्टेशन | सेवायाः कालावधिः | नियतानि यात्रा समयाः | पहुंचने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 04170 | इंन्दौर – सवेदतारगंज (उभयोर्मध्ये वायत्तम्) | 16.06.2026 तः 29.09.2026 पर्यन्तम् | 20:30 वाजे (शनिवासरे तथा मंङ्गलवारे) | 20:00 बाजे (अगले दिने) |
| 04169 | सवेदतारगंज – इंन्दौर (उभयोर्मध्ये वायत्तम्) | 15.06.2026 तः 28.09.2026 पर्यन्तम् | 05:00 वाजे (शुक्रवासरे तथा सोमवासरे) | 04:55 वाजे (अगले दिन) |
| स्थानेन स्थानम् : फतेहाबाद चांदावतीगंज, उज्जेन, मक्सी, रतलाम्, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, सोनी, भिण्ड, इटावा, गोंदिकपुरी तथा फतेहपुर स्टेशन मध्ये ठहरिष्यति । | | | | |
| कंम्पोजिशनम् : AC 3-टियर, स्लिपर क्लास तथा जनरल सेकेंड क्लास कोचाः | | | | |
| 04106 | उधना – प्रयागराज (उभयोर्मध्ये वायत्तम्) | 12.06.2026 तः 31.07.2026 पर्यन्तम् | 23:25 वाजे (शुक्रवासरे तथा सोमवासरे) | 05:10 वाजे (रविवासरे तथा गुरुवासरे) |
| 04105 | प्रयागराज – उधना (उभयोर्मध्ये वायत्तम्) | 11.06.2026 तः 30.07.2026 पर्यन्तम् | 19:00 वाजे (गुरुवासरे तथा रविवासरे) | 20:50 वाजे (आम्मल् दिने) |
| स्थानेन स्थानम् : भरुच्, छायापुरी, रतलाम्, उज्जेन, मक्सी, रतलाम्, गुना, ग्वालियर, भिण्ड, इटावा, गोंदिकपुरी तथा फतेहपुर स्टेशन मध्ये ठहरिष्यति । | | | | |
| कंम्पोजिशनम् : AC 2-टियर, AC 3-टियर, स्लिपर क्लास तथा जनरल सेकेंड क्लास कोचाः | | | | |
| 05343 | वलसाड – लालकुंआओं (वीकली) | 12.06.2026 तः 10.07.2026 पर्यन्तम् | 15:25 वाजे (शुक्रवासरे) | 17:45 वाजे (आंमले् दिने) |
| 05344 | लालकुंआओं – वलसाड (वीकली) | 11.06.2026 तः 09.07.2026 पर्यन्तम् | 09:00 वाजे (गुरुवासरे) | 12:00 वाजे (आम्मल् दिने) |
| स्थानेन स्थानम् : सूरत्, छायापुरी, रतलाम्, कोटा, लक्ष्मी जंक्शन, पालतनपुर, मथुरा, मुरादाबाद, बनबसा, तथा केन्द्रीय मिटी स्टेशन मध्ये ठहरिष्यति । | | | | |
| कंम्पोजिशनम् : AC 2-टियर, AC 3- टियर, स्लिपर क्लास तथा जनरल सेकेंड क्लास् कोचाः | | | | |

- ट्रेन संख्या 09151/09152 उधना ⇌ माधुपुरी को क्रमशः 26.06.2026 तथा 28.06.2026 पर्यन्तम् बढ़ा ददीवी गता अस्ति।
- ट्रेन संख्या 09031/09032 उधना ⇌ हसमपुर रोड को क्रमशः 28.06.2026 तथा 30.06.2026 पर्यन्तम् बढ़ा ददीवी गता अस्ति।

स्थानकेषु, स्थाम्येषु तथा कंम्पोजिशम्स्य विषये विस्तृतसूचनार्थ यात्रिणः कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in इत्यस्य जालस्थलं पश्यन्तु ।

ट्रेन संख्या 04170, 04106, 05343 तथा तेषां इतः ट्रेनाः 11.06.2026 तः सभी PRS काउंटरैः तथा IRCTC वेबसाइट् पर् पूर्व आरक्षिताः भविष्यन्ते । तेन यथाशक्यं शीघ्रं टिकटं आरक्षयन्तु ।

वेस्टर्न रेल्वेवे
www.indianrailways.gov.in
हमें संगच्छन्तु : facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/Western RailwayOfficial

कृपया सर्वे आरक्षित टिकटानां कृते ओरिजिनल् ID प्रूफ साथ्यं वहन्तु।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

रूपयौवनसम्पन्ना विशालकुलसम्भवाः।
विद्याहीना न शोभन्ते निर्गन्धा इव किंशुकाः॥

अर्थः रूप और यौवन से सम्पन्न, उच्च कुल में उत्पन्न होकर भी विद्याहीन मनुष्य सुगन्धहीन फूल के समान होते हैं और शोभा नहीं देते।

## खबर एक नजर...

### एमबीए छात्रा से 1.45 लाख रुपए की ठगी

**इंदौर।** एमबीए की एक छात्रा के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि छात्रा ने अपने दूसरे मोबाइल नंबर पर पेटीएम एप डाउनलोड किया था। इसके बाद उसने अपना बैलेंस चेक किया। इसी दौरान आरोपियों ने उसका मोबाइल हैक कर बैंक खाता खाली कर दिया। हीरानगर पुलिस ने नेहा राजपूत नामक छात्रा की शिकायत पर ऑनलाइन ठगी का मामला दर्ज किया है। नेहा मूल रूप से खंडवा की रहने वाली है और इंदौर के एक निजी कॉलेज से एमबीए की पढ़ाई कर रही है। 5 और 6 जून के बीच आरोपियों ने उसका मोबाइल हैक कर खाते से करीब 1.45 लाख रुपए निकाल लिए। नेहा ने बताया कि उसका पेटीएम बैंक खाते से लिंक है। 5 जून की रात उसने खाते का बैलेंस चेक किया था, तब खाते में पर्याप्त राशि मौजूद थी। अगले दिन उसकी मां का फोन आया और उन्होंने मोबाइल रिचार्ज कराने के लिए कहा। जब उसने पेटीएम एप से रिचार्ज करने की कोशिश की तो रिचार्ज नहीं हुआ। इसके बाद बैलेंस चेक करने पर खाते में केवल 4 रुपए बचे मिले। इस पर नेहा ने बैंक जाकर जानकारी ली। जांच में पता चला कि उसके खाते से तीन ट्रांजेक्शन किए गए थे। पहली बार 99 हजार रुपए, दूसरी बार 46 हजार रुपए और तीसरी बार 99 रुपए ट्रांसफर किए गए थे। नेहा का आरोप है कि किसी फर्जी लिंक या साइबर तकनीक के जरिए उसके मोबाइल को हैक कर खाते से रकम ट्रांसफर की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उधारी विवाद में मजदूर के सिर पर ईंट मारी, मौत

**इंदौर।** इंदौर के राऊ क्षेत्र में उधारी के विवाद में एक मजदूर की मौत हो गई। आरोप है कि पड़ोसी ने उसके सिर पर ईंट मार दी थी। घायल मजदूर का तीन दिन तक इलाज चला, लेकिन बुधवार देर रात एमवाय अस्पताल में उसकी मौत हो गई। राऊ पुलिस के अनुसार, मृतक सतीश चौहान (43) निवासी रंगवासा था। उसके भाई महेश ने बताया कि 8 जून की रात पड़ोसी राजेश मकवाना ने शराब के नशे में सतीश के सिर पर ईंट मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों के मुताबिक, राजेश और सतीश दोनों मजदूरी करते थे। लॉकडाउन के दौरान दोनों के बीच पैसों का लेनदेन हुआ था। राजेश उधारी के पैसे मांग रहा था। घटना वाली रात वह शराब के नशे में घर के बाहर हंगामा कर रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे सतीश पर उसने ईंट से हमला कर दिया। परिवार ने पहले सतीश का नजदीकी अस्पताल में इलाज कराया, बाद में उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, सतीश अविवाहित था। परिवार में उसकी मां और छोटा भाई हैं। वहीं आरोपी राजेश मकवाना के दो बच्चे हैं। घटना के बाद से वह परिवार सहित फरार है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लाइसेंस नहीं होने पर दुकानों-संस्थानों पर होगी कार्रवाई

**इंदौर।** नगर निगम इंदौर सीमा क्षेत्र में संचालित सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों, दुकानों और संस्थानों के लिए नगर निगम द्वारा जारी ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है। निगम प्रशासन द्वारा व्यापारियों और संस्थान संचालकों से अपील की गई है कि जिनके पास ट्रेड लाइसेंस नहीं है या जिनका लाइसेंस खत्म हो गया है, वे निर्धारित समय सीमा में नया लाइसेंस बनवाने या उसका रिन्यूअल जरूर कराएं। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बिना वैध ट्रेड लाइसेंस के व्यवसाय संचालन करना नियमों के खिलाफ है। ऐसे व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकानें और संस्थान जो ट्रेड लाइसेंस नहीं बनवाते है या समय पर रिन्यूअल नहीं कराते हैं, उनके खिलाफ निगम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। संबंधित दुकान या संस्थान को सील करने जैसी कार्रवाई भी की जा सकती है। निगम प्रशासन ने सभी व्यापारियों को सूचित किया है कि आगामी 7 दिन अपना ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य रूप से बनवा लें या उसका नवीनीकरण करा लें। निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद नगर निगम द्वारा विशेष अभियान चलाकर जांच एवं कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यवसायी एवं संस्थान संचालक की होगी।

### इंदौर में नगर निगम का विशेष अभियान शुरू

**इंदौर।** आवासीय और गैर आवासीय जी+3 या उससे ज्यादा ऊंचाई वाले सभी शासकीय और अशासकीय बिल्डिगों और बहुमंजिला परिसरों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था और रेन वाटर हार्वेस्टिंग संबंधी नियमों का पालन हुआ है या नहीं ये देखने के लिए विशेष निरीक्षण व सत्यापन अभियान शुरू किया गया है। नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने नगर निगम के सभी उपयंत्रियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने इलाके में दौरा कर जी+3 और उससे ज्यादा ऊंचाई वाले सभी बिल्डिंग एवं संचालित बिल्डिगों का चिन्हांकन करें और अग्नि सुरक्षा और रेन वाटर हार्वेस्टिंग संबंधी व्यवस्था को चेक करें। निगम कमिश्नर ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण और बहुमंजिला बिल्डिगों की संख्या को देखते हुए आग लगने की घटनाओं की रोकथाम और जल संरक्षण दोनों ही विषय काफी महत्वपूर्ण हैं। बिल्डिगों में स्थापित सुरक्षा व्यवस्थाओं का नियमित परीक्षण और रखरखाव लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। निरीक्षण के दौरान निगम के अदिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित भवनों में निर्धारित मानकों के अनुरूप फायर सेफ्टी सिस्टम स्थापित एवं क्रियाशील है या नहीं।

---

### खजराना गणेश मंदिर का मास्टर प्लानः गर्भगृह के सामने का सभा मंडप होगा नीचे

# दो मंजिला दर्शन कॉरिडोर बनेगा, कॉलेज की रिपोर्ट भी आई

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

लाखों भक्तों की आस्था के केंद्र खजराना गणेश मंदिर का काम मास्टर प्लान के हिसाब से शुरू हो रहा है। पहले चरण में गर्भगृह के गेट की चौड़ाई को बढ़ाया जाएगा, जिसकी रिपोर्ट भी आ चुकी है। इसका काम भी आगामी एक-दो दिन में शुरू हो जाएगा।

वहीं मंदिर के गर्भगृह के सामने के सभा मंडप को भी नीचे किया जाएगा, ताकि पीछे लाइन में आने वाले भक्तों को भगवान के दर्शन अच्छे से हो सके। पहले चरण के काम में करीब 8 से 10 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं पूरे मंदिर में भी कई काम होंगे। खजराना गणेश मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इनमें इंदौर सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले भक्त भी शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर में पहले चरण के विकास कार्य शुरू हो चुके हैं। इसी कड़ी में मंदिर के गर्भगृह के प्रवेश द्वार को चौड़ा करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए द्वार पर लगी करीब 150 किलो चांदी निकाली जा चुकी है, जिसे ट्रेजरी में सुरक्षित जमा करा दिया गया है। चांदी हटाने के बाद उसकी गुणवत्ता और संरचना की जांच एसजीएसआईटीएस कॉलेज द्वारा कराई गई। जांच रिपोर्ट भी प्राप्त हो चुकी है, जिसमें आगे किए जाने वाले कार्यों और तकनीकी प्रक्रिया संबंधी सुझाव दिए गए हैं। इसके आधार पर आगामी निर्माण कार्य किया जाएगा।



#### पार्किंग, प्रवेश द्वार और नई गाड़ियों की पूजा की भी होगी व्यवस्था

- पुजारी पंडित अशोक भट्ट के अनुसार, अगले चरण में पार्किंग सहित मास्टर प्लान के अन्य कामों को पूरा किया जाएगा। इसके तहत पार्किंग क्षेत्र का विकास, पार्किंग तक पहुंचने के लिए रोटरी निर्माण, नई गाड़ियों की पूजा के लिए अलग व्यवस्था और मंदिर परिसर में मौजूद प्रसाद दुकानों के ऊपर शेड लगाए जाएंगे।
- इसके अलावा बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, श्रद्धालुओं के लिए सुविधा केंद्र, हरित क्षेत्र विकसित करने के लिए पेड़-पौधों का रोपण और अन्य सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा।
- पंडित भट्ट ने बताया कि मान्यता के अनुसार, खजराना गणेश मंदिर परमारकालीन और काफी प्राचीन मंदिर है। समय के साथ श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने और जरूरतों के अनुसार मंदिर का स्वरूप भी बदलता और विकसित होता गया है।

#### सभा मंडप नीचे किया जाएगा, ताकि भक्तों को दर्शन में परेशानी न हो

पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि मंदिर के गर्भगृह के सामने स्थित सभा मंडप, जहां श्रद्धालु खड़े होकर भगवान के दर्शन करते हैं और छोटी प्रतिमा का अभिषेक करते हैं, उसे करीब दो से ढाई फीट नीचे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पीछे कतार में खड़े श्रद्धालुओं को भी भगवान के दर्शन आसानी से हो सकेंगे। वर्तमान व्यवस्था में आगे खड़े लोगों के कारण पीछे मौजूद भक्तों को दर्शन करने में परेशानी होती है, जिसे इस बदलाव से दूर किया जा सकेगा। सभा मंडप नीचे होने से वीआईपी दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु, नवविवाहित दूल्हा-दुल्हन तथा अन्य विशेष अतिथि भी सुविधाजनक ढंग से दर्शन कर सकेंगे। साथ ही पीछे खड़े भक्तों के दर्शन में भी किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

#### दो मंजिला दर्शन कॉरिडोर बनेगा

पुजारी पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि मंदिर परिसर में दो मंजिला दर्शन कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसमें रेलिंग लगाई जाएंगी, जिससे एक साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुव्यवस्थित तरीके से भगवान के दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्य गर्भगृह के सामने स्टेप दर्शन व्यवस्था भी विकसित की जाएगी। इससे किसी भी भक्त को भगवान के दर्शन करने में परेशानी नहीं होगी और सभी श्रद्धालु आसानी से दर्शन कर सकेंगे। श्रद्धालुओं की संख्या और आवश्यकता के अनुसार इस व्यवस्था का संचालन किया जाएगा। पंडित भट्ट ने बताया कि मंदिर परिसर में कई स्थानों पर सफेद शेड भी लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा परिसर में स्थित 33 छोटे मंदिरों में से कुछ मंदिरों को व्यवस्थित रूप से एक कतार में स्थानांतरित किया जाएगा, क्योंकि इनमें से कुछ मंदिर झुकाव की स्थिति में हैं। उन्होंने बताया कि मास्टर प्लान के पहले चरण का काम एक दानदाता और उनके सहयोगियों के सहयोग से कराया जाएगा।

#### पहले चरण में होंगे कई काम

- मंदिर के पुजारी पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि मंदिर प्रबंधन समिति का मास्टर प्लान समिति के अध्यक्ष कलेक्टर शिवम वर्मा और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। इसके तहत पहले चरण के कार्य शुरू हो चुके हैं।
- उन्होंने बताया कि पूरे मास्टर प्लान पर लगभग 25 से 30 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है, जबकि पहले चरण के कार्यों पर 8 से 10 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस चरण में सबसे पहले मंदिर के गर्भगृह के प्रवेश द्वार को चौड़ा किया जाएगा।
- पंडित भट्ट ने बताया कि एसजीएसआईटीएस कॉलेज की तकनीकी रिपोर्ट भी प्राप्त हो चुकी है। रिपोर्ट में जैकेटिंग की प्रक्रिया, किस हिस्से को पहले हटाया जाना है और निर्माण कार्य किस क्रम में होगा, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई है। इसके अनुसार पहले संरचना को सुरक्षित रखने के लिए सपोर्ट (तरापे) लगाए जाएंगे और उसके बाद जैकेटिंग का कार्य किया जाएगा।
- उन्होंने बताया कि अगले एक-दो दिनों में निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। फिलहाल गर्भगृह में पारदर्शी प्लास्टिक शीट लगाई गई है, ताकि काम के दौरान धूल या अन्य कण अंदर न पहुंचें। दर्शन व्यवस्था प्रभावित न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसी कारण सभी निर्माण कार्य रात में किए जाएंगे, जब मंदिर में श्रद्धालुओं का प्रवेश बंद हो जाता है। इससे भक्तों को दर्शन में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

---

### रिटायरमेंट से 5 महीने पहले लोकायुक्त का छापा

# जॉइंट डायरेक्टर के पास आय से 300 गुना अधिक संपत्ति

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार सुबह महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक (जॉइंट डायरेक्टर) लक्ष्मी नारायण कंडवाल के ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में छापामार कार्रवाई की।

जांच में कंडवाल के पास करीब 10 करोड़ रुपए की संपत्ति मिलने की जानकारी सामने आई है, जबकि 30 साल की नौकरी में उनकी वैध आय करीब ढाई करोड़ रुपए आंकी गई है। ये उनकी कमाई से 300 गुना अधिक है।

कार्रवाई के दौरान कंडवाल ने अपनी आय के स्त्रोत के रूप में पत्नी की सिलाई-बुनाई, बेटों के डिपार्टमेंटल स्टोर और जिम से मिलने वाले किराए की जानकारी दी। वहीं लोकायुक्त टीम ने तड़के 3 बजे से ही कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी थी और सुबह 6 बजे एक साथ तीन ठिकानों पर छापा मारा गया।



**सुबह 3 बजे से शुरू हुई कार्रवाई की तैयारी-** सूत्रों के मुताबिक लोकायुक्त को कंडवाल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत मिली थी। सत्यापन के बाद मंगलवार रात से ही कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई। बुधवार तड़के 3 बजे से टीम को अलर्ट मोड पर रखा गया।

सुबह करीब 5 बजे लोकायुक्त कार्यालय से अधिकारी रवाना हुए और सुबह 6 बजे चोइथराम मंडी स्थित स्कीम नंबर-103 में कंडवाल के ठिकाने पर छापा मारा गया। इसके बाद विशेष न्यायालय से तलाशी वारंट लेकर अलग-अलग टीमों ने तीन स्थानों पर एक साथ कार्रवाई की।

**पत्नी की सिलाई-बुनाई और बेटों के स्टोर को बताया आय का स्त्रोत-** पूछताछ के दौरान कंडवाल ने अपनी आय के स्त्रोत के रूप में वेतन के अलावा दोनों बेटों द्वारा संचालित डिपार्टमेंटल स्टोर की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्टोर का मासिक टर्नओवर करीब एक लाख रुपए है। इसके अलावा पत्नी द्वारा सिलाई-बुनाई से आय अर्जित करने की बात कही। कंडवाल ने यह भी बताया कि उनकी बिल्डिंग में संचालित दो मंजिला जिम से करीब सवा लाख रुपए प्रतिमाह किराया मिलता है।

**बैंक लॉकर में मिला 25 लाख से अधिक का सोना, खाते किए सीज-** लोकायुक्त निरीक्षक आशुतोष मिठास ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया की सांठा बाजार, सराफा शाखा में कंडवाल के नाम से एक लॉकर मिला है। लॉकर की तलाशी में 25 लाख रुपए से अधिक मूल्य का सोना मिलने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा एसबीआई और इंडियन ओवरसीज बैंक के खातों को भी जांच के लिए सीज किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि लॉकर और बैंक खातों की जांच पूरी होने के बाद संपत्ति का आंकड़ा और बढ़ सकता है।

#### चार मंजिला भवन में स्टोर, जिम और निवास

लोकायुक्त जांच में सामने आया है कि चोइथराम मंडी क्षेत्र में कंडवाल का एक व्यवसायिक भवन है। भवन के बेसमेंट और पहले फ्लोर पर डिपार्टमेंटल स्टोर संचालित होता है, जबकि दूसरे और तीसरे फ्लोर पर जिम किराए से संचालित की जा रही है। सबसे ऊपरी मंजिल पर कंडवाल अपने परिवार के साथ रहते हैं। यह भवन वर्ष 2022 में बनकर तैयार हुआ था। इसके अलावा स्कीम नंबर-140 में दो प्लॉट और कई ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि भी उनके नाम पर पाई गई है।

#### शहर में दो प्लॉट और व्यवसायिक संपत्ति मिली

जांच में इंदौर स्थित एक व्यवसायिक भूखंड और भवन के अलावा स्कीम नंबर-140 में दो प्लॉट की जानकारी सामने आई है। जिनकी कीमत करीब 60 लाख से अधिक है। बताया जा रहा है कि ये प्लॉट आईडीए द्वारा आवंटित किए गए थे। इसके अलावा महू क्षेत्र के आसपास तारपुर, बेकला और सोनवा सहित ग्रामीण इलाकों में कृषि भूमि होने की जानकारी भी मिली है।

#### 30 साल की नौकरी में आठ जिलों में रहे पदस्थ

लोकायुक्त अधिकारियों के अनुसार लक्ष्मी नारायण कंडवाल अपने 30 वर्ष के सेवाकाल में झाबुआ, रतलाम, नीमच, रीवा, शहडोल, उज्जैन, देवास और इंदौर में पदस्थ रहे हैं। जांच में उनकी कुल वैध आय करीब ढाई करोड़ रुपए आंकी गई है।

---

### 1400 करोड़ का बैंक लोन घोटाला

# कासलीवाल का 60 करोड़ का आलीशान बंगला अटैच

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इंदौर ने 'एस कुमार्स नेशनवाइड' (एसकेएनएल) के 1400 करोड़ रुपए के बैंक लोन घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने कंपनी के चेयरमैन नितिन शंभुकुमार कासलीवाल का रायगढ़ (महाराष्ट्र) के मुरुड, अलीबाग स्थित अरब सागर फेसिंग आलीशान बंगला अटैच कर लिया है, जिसकी कीमत करीब 60 करोड़ रुपए है।

इससे पहले ईडी यूके के बकिंघम पैलेस के पास स्थित 120 करोड़ की प्रॉपर्टी भी अटैच कर चुकी है। जांच में सामने आया कि लोन राशि को एसकेएनएल के खातों से उन विभिन्न कंपनियों में डायवर्ट किया गया, जिन पर कासलीवाल का नियंत्रण था। इसी फंड से अलीबाग का बंगला खरीदा गया।

दिसंबर 2025 में हुई छापेमारी में मिले दस्तावेजों से खुलासा हुआ था कि कासलीवाल ने विदेशी ट्रस्ट कंपनियों के माध्यम से लोन राशि का दुरुपयोग कर विदेशी संपत्तियां खरीदीं। ईडी ने इसी मामले में कासलीवाल के अलीबाग स्थित वेशकीमती प्रॉपटी अटैच की है।




विदेशी निवेश की आड़ में की गई धोखाधड़ी नितिन कासलीवाल ने एस कुमार्स समूह की विदेशी संपत्तियों को नियंत्रित करने के लिए एक ट्रस्ट बनाया और परिवार के सदस्यों को उसका लाभार्थी बना दिया। आरोप है कि कासलीवाल ने नेशनवाइड लिमिटेड के माध्यम से बैंक कंसोर्टियम को धोखा देकर बैंक फंड को विदेशी निवेश की आड़ में बाहर भेजा और इन संपत्तियों का निर्माण किया।

---

# समाजसेवी मुछाल की देह मेडिकल कॉलेज को डोनेट

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के न्यू पलासिया निवासी एवं समाजसेवी स्व. राधाकृष्ण मुछाल के परिवार ने नेत्रदान, त्वचा दान और देहदान कर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। मंगलवार दोपहर मुछाल के निधन के बाद उनके जीवनकाल में लिए गए संकल्प को परिवार ने प्राथमिकता देते हुए तत्काल मुस्कान ग्रुप से संपर्क किया। निधन के मात्र तीन घंटे के भीतर उनके नेत्र और त्वचा दान की प्रक्रिया पूरी कर ली गई।

परिजनों के अंतिम दर्शन के उपरांत बुधवार सुबह उनकी देह सेम कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंस एंड हॉस्पिटल भोपाल को दान की गई। भोपाल से पहुंची मेडिकल कॉलेज की टीम ने सम्मानपूर्वक पार्थिव देह को स्वीकार किया।

देहदान से पहले स्व. मुछाल को उनके निवास पर मध्य प्रदेश शासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर इंदौर माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ सदस्य पुरुषोत्तम पसारी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं मुस्कान ग्रुप के सेवादार संदीपन आर्य ने अंगदान और देहदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से इस महादान के लिए आगे आने की अपील की। स्व. मुछाल के नेत्र एमके इंटरनेशनल आई बैंक को दान किए गए, जिनसे दो दृष्टिबाधित व्यक्तियों को रोशनी मिलेगी। वहीं उनकी त्वचा चोइथराम अस्पताल के स्किन बैंक को सौंपी गई, जो गंभीर रूप से झुलसे मरीजों के उपचार में उपयोगी होगी।

---

# इंदौर-30 जून तक टैक्स जमा करें, निगम देगा विशेष छूट

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर नगर निगम ने शहर के करदाताओं को राहत देते हुए एडवांस टैक्स जमा करने पर विशेष छूट देने की घोषणा की है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 30 जून तक अग्रिम टैक्स जमा करने वाले करदाताओं को प्रॉपर्टी टैक्स पर 6.25 % और वाटर टैक्स पर 6 % की छूट मिलेगी।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगमायुक्त क्षितिज सिंघल और राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाते हुए समय पर टैक्स जमा करें। उनका कहना है कि इससे करदाताओं को आर्थिक लाभ मिलेगा और शहर के विकास कार्यों में भी सहयोग मिलेगा।



निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि करदाताओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से टैक्स जमा करने की व्यवस्था की गई है। करदाता नगर निगम के जोनल कार्यालयों, नागरिक सुविधा केंद्रों और ऑनलाइन पोर्टल के जरिए अपने प्रॉपर्टी और वाटर टैक्स का भुगतान कर सकते हैं।

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि यह छूट केवल 30 जून 2026 तक एडवांस टैक्स जमा करने पर ही मिलेगी। इसके बाद निर्धारित दरों के अनुसार ही टैक्स वसूला जाएगा।

---

### इंदौर में 20 देशों के डेलिगेट्स ने समझा होलकरकालीन इतिहास

# खेती-किसानी और कपास उत्पादन पर पूछे सवाल, ऑर्गेनिक कम्पोस्ट मॉडल की सराहना की

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में चल रहे इफ्क्कर कृषि सम्मेलन के तहत बुधवार को चीन, रूस, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका समेत करीब 20 देशों के प्रतिनिधियों ने ऐतिहासिक राजवाड़ा का दौरा किया। कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों ने यहां होलकरकालीन इतिहास, संस्कृति और खेती-किसानी से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

इतिहासकार जफर अंसारी ने बताया कि प्रतिनिधियों को होलकर रियासत के दौर में कृषि क्षेत्र में हुए विकास की जानकारी दी गई। इसके लिए उनके निजी संग्रह में मौजूद कई दुर्लभ दस्तावेज, रिकॉर्ड और ऐतिहासिक सामग्री भी दिखाई गई।

इनमें होलकर स्टेट के कृषि विभाग से जुड़े दस्तावेज, गांवों की सूची और किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं का रिकॉर्ड शामिल था।



**खेती-किसानी से जुड़े दस्तावेजों में दिखाई दिलचस्पी-** विदेशी प्रतिनिधियों ने खास तौर पर यह जानने में रुचि दिखाई कि होलकर शासनकाल में खेती कैसे की जाती थी और किसानों के लिए क्या व्यवस्थाएं थीं। उन्होंने कृषि से जुड़े पुराने दस्तावेजों को ध्यान से देखा और कई सवाल भी पूछे। राजवाड़ा में प्रतिनिधियों को स्वर्ण और रजत से बनी कई ऐतिहासिक वस्तुएं भी दिखाई गईं। इन दुर्लभ धरोहरों को देखकर वे काफी प्रभावित हुए और उनके बारे में कई सवाल पूछे। जफर अंसारी के मुताबिक 1747 में बना राजवाड़ा होलकर रियासत का प्रमुख महल और प्रशासनिक केंद्र रहा है। इंदौर की संस्कृति, इतिहास और विरासत को करीब से दिखाने के लिए इफ्क्कर सम्मेलन में शामिल विदेशी प्रतिनिधियों को यहां लाया गया।

#### राजवाड़ा की खूबसूरती और इतिहास ने किया प्रभावित

प्रतिनिधियों ने राजवाड़ा की नक्काशी, वास्तुकला और देवी अहिल्याबाई होलकर से जुड़े इतिहास में खास दिलचस्पी दिखाई। उन्हें राजवाड़ा के निर्माण, उसकी ऐतिहासिक भूमिका और होलकर रियासत में उसके महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

#### इंदौर की कपास और व्यापार व्यवस्था को समझा

दौरे के दौरान विदेशी मेहमानों ने इंदौर के पुराने व्यापार और कपास उत्पादन के बारे में भी जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि काली मिट्टी और अनुकूल मौसम की वजह से यहां उच्च गुणवत्ता वाली कपास पैदा होती थी। एक समय इंदौर में छह बड़ी कपास मिलें थीं, जिनका शहर के विकास में बड़ा योगदान रहा।

#### ऑर्गेनिक कम्पोस्ट मॉडल की सराहना

प्रतिनिधियों को इंदौर में विकसित ऑर्गेनिक कम्पोस्ट मॉडल के बारे में भी बताया गया। उन्हें जानकारी दी गई कि इसके उपयोग से बेहतर गुणवत्ता वाली कपास की फसल होती थी। इस मॉडल को लेकर विदेशी मेहमानों ने काफी रुचि दिखाई और विस्तार से जानकारी ली।

## आधुनिक शिक्षा और नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ेंगे शिक्षक, आठ दिवसीय प्रशिक्षण 11 से

**उज्जैन।** शिक्षण गुणवत्ता बढ़ाने और शिक्षकों के सर्वांगीण विकास के लिए लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति द्वारा 11 से 18 जून तक आठ दिवसीय विशेष शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षाविद और विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के साथ नैतिक मूल्यों से भी परिचित कराएंगे। अभ्यास वर्ग के संयोजक डॉ. शैलेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रशिक्षण का शुभारंभ 11 जून को होगा। प्रथम दिन मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक लेखन समिति के अध्यक्ष डॉ. भगीरथ कुमावत शिक्षक का व्यक्तित्व और उसका विद्यार्थियों पर प्रभाव विषय पर व्याख्यान देंगे। द्वितीय सत्र में इंदौर की बाल पत्रिका देवपुत्र के संपादक गोपाल माहेश्वरी नैतिक शिक्षा और मूल्य आधारित शिक्षण पर अपने विचार रखेंगे। आठ दिन चलने वाले इस वर्ग में वैदिक गणित, कंप्यूटर शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकास, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, 21वीं सदी के शिक्षक की भूमिका और व्यवहार परिवर्तन में शिक्षक की महत्ता जैसे समसामयिक विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी और रोचक बनाने के लिए शैक्षणिक सत्रों के साथ ही खेल, बौद्धिक प्रतियोगिताएं, मनोरंजन सत्र और शिक्षकों की प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी। प्रशिक्षण वर्ग का समापन 18 जून को होगा। अंतिम दिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप आधुनिक शिक्षण तकनीकों और सह-शैक्षणिक कार्यों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को शिक्षा के बदलते आयामों से जोड़ना है, ताकि वे विद्यार्थियों के समग्र विकास में अधिक प्रभावी और सशक्त भूमिका निभा सकें।

## महाकाल की नगरी बने आदर्श पारिजात नगरी, सिंहस्थ क्षेत्र में रोपे जाएं 8 फीट से ऊंचे 11 हजार पौधे

**उज्जैन।** मालव रक्षा अनुष्ठान के संयोजक आचार्य सत्यम ने महाकाल और योगेश्वर श्रीकृष्ण की गुरुकुल नगरी उज्जैन को आदर्श पारिजात नगरी घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि शहर में 11 हजार पारिजात के बड़े पौधे रोपे जाने चाहिए। इसके साथ ही, प्राणवायु बढ़ाने के लिए इसी वर्ष सिंहस्थ और आसपास के क्षेत्रों में 8 फीट से अधिक ऊंचे 11 हजार पीपल, बरगद, सीता अशोक और बेल के पौधों का तत्काल रोपण किया जाना चाहिए। मालव रक्षा अनुष्ठान के पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. पुरोहित ने उज्जैन के पर्यावरण और शिप्रा नदी के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न पौधे रोपने का परामर्श दिया है। उनके अनुसार फलदार एवं उपयोगी वृक्षों में आंवला, बेल, बेर, इमली, आम और कैथा का रोपण किया जाना चाहिए। नदी तट के ऊपरी भाग को सुरक्षित करने के लिए वहां अर्जुन, जामुन, गूलर, पीपल, करंज, नीम, सिरिस, कदंब और पलाश के पौधे लगाना उपयुक्त रहेगा। इसी तरह शिप्रा नदी के किनारे खस, कांस, नरकट, टाइफा और झाऊ लगाने की सलाह दी गई है। वहीं, शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए शोभाकारी और सजावटी वृक्षों के रूप में अमलतास, कचनार, गुलमोहर, टेबेबुइया, अशोक, बॉटलब्रश और चंपा के पौधे रोपे जाने चाहिए।

## 15वीं फेडरेशन कप नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में शैलेंद्र व्यास को विशेष आमंत्रण

**उज्जैन।** इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन मुंबई के तत्वावधान में 12 और 13 जून को पंजाब के लुधियाना में आयोजित होने वाली 15वीं फेडरेशन कप नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश के कोषाध्यक्ष और नेशनल जज शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश के चेयरमैन प्रेम सिंह यादव और पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज जितेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि इस भव्य चैंपियनशिप का आयोजन पंजाब एमेच्योर बॉडीबिल्डिंग संगठन द्वारा किया जा रहा है। इसमें मेंस बॉडीबिल्डिंग स्पोर्ट्स फिजिक और वूमेन मॉडल फिजिक स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। इस राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में मध्य प्रदेश का दल भी सहभागिता कर रहा है। चैंपियनशिप के लिए मध्य प्रदेश टीम में राजीव साहू, बनवारी गुर्जर, अरबाज खान, प्रदीप ठाकुर, अफराज खान और पुष्पेंद्र ठाकुर का चयन किया गया है।

## अजाक्स ने बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया

उज्जैन। कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय पर अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा महान आदिवासी जननायक एवं स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। मीडिया प्रभारी डी एल भीलवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अध्यक्ष डॉ. आर.एल. परमार के नेतृत्व में बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनके योगदान को स्मरण किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. परमार ने कहा कि बिरसा मुंडा को ₹धरती आबा₹ अर्थात धरती के पिता के रूप में सम्मानित किया जाता है। वे भारत के आदिवासी समाज के महान स्वतंत्रता सेनानी और जननायक थे। अंग्रेजों एवं जमींदारों द्वारा आदिवासियों की जमीनों पर कब्जा किए जाने और शोषण के विरुद्ध उन्होंने सशस्त्र आंदोलन का नेतृत्व किया, जिसे ₹उलगुलान₹ (महान हलचल) के नाम से जाना जाता है। उनका संदेश था। अबुआ राज एते जना, महारानी राज टुडू जना₹, अर्थात अपना राज स्थापित करो और महारानी का राज समाप्त करो। अंग्रेजों के फॉरेस्ट एक्ट के कारण आदिवासियों को जंगलों से बेदखल कर दिया गया था। बिरसा मुंडा ने जंगल, जमीन और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 1908 में छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट लागू किया गया, जिससे आदिवासी भूमि को गैर-आदिवासियों को बेचने पर रोक लगी। उन्होंने बिरसाइत धर्म की स्थापना कर अंधविश्वास, शराब और पशु बलि जैसी कुरीतियों का विरोध किया तथा स्वच्छता, शिक्षा और एक ईश्वर की उपासना पर जोर दिया।

### भारत भारती द्वारा संगीतमयी प्रस्तुति

# 'अनुभूति' का आयोजन, गंगा-जमुनी तहजीब और राष्ट्रीय एकता की मिसाल हैं प्रो. अजहर हाशमी के गीत

### रतलाम के गायकों ने बांधा समां

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन



मशहूर गीतकार प्रो. अजहर हाशमी के गीत आज भी गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल हैं। साहित्य और संगीत के क्षेत्र में राष्ट्रीय एकता की अलख जगाने वाले प्रो. हाशमी के गीतों की सबसे बड़ी खासियत सादगी भरी भाषा में गहरे संदेश देना है। यह विचार भारत भारती द्वारा कालिदास अकादमी में आयोजित प्रो. हाशमी के गीतों की संगीतमयी प्रस्तुति 'अनुभूति' में अतिथियों ने व्यक्त किए।

आयोजन के मुख्य अतिथि कालिदास अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे थे। अध्यक्षता डॉ. शिव चौरसिया ने की। सारस्वत अतिथि प्रो. हरिमोहन बुधौलिया और विशिष्ट अतिथि प्रो. गोपाल शर्मा, डॉ. श्रीकृष्ण जोशी, भारत भारती की प्रदेश संयोजक डॉ. प्रवीणा दवेसर एवं प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी मंचासीन थे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन और प्रो. हाशमी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वंदे मातरम की प्रस्तुति डॉ. अनामिका सोनी ने दी।

रतलाम से आए ख्यात गायक कलाकार डॉ. स्नेहा पंडित, किरण छाबड़ा, संगीता जैन, डॉ. प्राची पुरोहित, रुचि चौहान, अक्षद पंडित, तल्लीन त्रिवेदी, रोहित परिहार और रुद्राक्ष दवेसर ने प्रो. हाशमी के प्रसिद्ध गीतों की विभिन्न रागों में शानदार प्रस्तुति दी। गायकों ने 'मन को इस तरह नहीं उदास कर', 'हिमगिरि जिसकी प्रहरी', 'देश के गणतंत्र का निशान तिरंगा', 'कान्हा की जब मुरली बोली', 'कोई कंदरा में हो' और 'दुनिया से तो बहुत मिला तू' जैसे गीतों से श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं। सांगीतिक प्रस्तुति का संचालन डॉ. प्रवीणा दवेसर ने किया। अतिथियों और गायक कलाकारों का स्वागत भारत भारती के अध्यक्ष डॉ. हरीशकुमार सिंह, शशांक दुबे, शैलेश लेले, नंदिनी सक्सेना, संगीता पाटकर, सुभाष पाठक, संगीता तल्लेरा और डॉ. अभिलाषा शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अदिति दवेसर, शरद शर्मा, डॉ. माया बदेका, डॉ. प्रतिभा शर्मा, रतनलाल रायकवार, प्रशांत सोहले, योगेश यादव, प्रकाश बांगर, मोहन सिंह हिंगोले, कुलदीप सिंह क्षत्रिय, सुरेंद्र सर्किट, अनिल पांचाल सेवक, दिलीप जैन, अजय मेहता, दीपक सोनी, नीलेश शर्मा और सौरभ शर्मा सहित बड़ी संख्या में कलाप्रेमी उपस्थित थे।

### पीएफ-ईएसआईसी में गड़बड़ी और मातृत्व अवकाश न मिलने से आक्रोश

# स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपकर की मांग

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन



जिले के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने ठेका एजेंसियों द्वारा किए जा रहे आर्थिक और मानसिक शोषण के विरोध में बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक पटेल को ज्ञापन सौंपा। मध्य प्रदेश राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री गुलशन मंसूरी के नेतृत्व में लामबंद कर्मचारियों ने न्यूनतम वेतन, पीएफ, ईएसआईसी और मातृत्व अवकाश से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से रखीं।

कर्मचारियों ने बताया कि विभाग में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन, सफाई कर्मी और सिक्योरिटी गार्ड को कलेक्टर दर के बजाय मात्र छह से दस हजार रुपए वेतन दिया जा रहा है। शासन द्वारा वर्ष 2024 में कोर्ट के आदेश के बाद आउटसोर्स कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन का एरियर देने का आदेश जारी किया गया था, लेकिन उज्जैन में अब तक इसका भुगतान नहीं हुआ है। ठेका एजेंसी द्वारा पीएफ की राशि भी सही तरीके से जमा नहीं की जा रही है। खातों में पीएफ के नाम पर केवल 200 से 300 रुपए ही पहुंच रहे हैं। ज्ञापन में बताया गया कि महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश का लाभ नहीं मिल रहा है। श्रम नियमों के अनुसार ईएसआईसी कार्ड धारक श्रमिक को छह माह के सवैतनिक मातृत्व अवकाश की पात्रता है, लेकिन कई कर्मचारियों के ईएसआईसी नंबर तक जनरेट नहीं किए गए हैं।

सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल ने संगठन को आश्वस्त किया है कि तत्काल संबंधित एजेंसी के मालिक को बुलाकर बात की जाएगी। कर्मचारियों को उनके अधिकार नहीं मिलने पर संबंधित के खिलाफ उचित कार्रवाई होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी, जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, संभागीय अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, उपाध्यक्ष राजकुमार सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष विजय परिहार, आयुष प्रदेश संयोजक राधे मोहन शर्मा, लघु वेतन कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष हेमराज घावरी, संभागीय उपाध्यक्ष वर्षा कछवाय सहित बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी उपस्थित थे।

## कबीर प्राकट्योत्सव पर गूंजे भजन, हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में हुआ प्रतिभाओं का सम्मान

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। अंतरराष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ और सद्गुरु कबीर जन कल्याण संस्थान के तत्वावधान में रविवार 7 जून को नवनिमार्णाधीन आश्रम में विशाल सद्गुरु कबीर प्राकट्योत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने कबीर भजनों का आनंद लिया और समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बापू महंत चूड़ामणि साहेब और सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आगर विधायक मधु गहलोत ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुसनेर विधायक बाबूलाल, आगर नगर अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधि और नेता मौजूद रहे।

आयोजन के दौरान अंतरराष्ट्रीय कबीर भजन गायक टिप्पणियां ने सपरिवार भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। उनके साथ आकाशवाणी और दूरदर्शन के अन्य गायक कलाकारों ने भी अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों से संपूर्ण माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आगर जनकल्याण समिति के अध्यक्ष गिरधारीलाल मालवीय, उपाध्यक्ष राज मेवाड़ा और सचिव व महासंघ के मध्य प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण मालवीय की प्रमुख भूमिका रही। इस अवसर पर महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत राधाकिशन साहेब, नारी शक्ति की राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत माया साहेब, प्रदेश उपाध्यक्ष महंत परममनोहर साहेब सहित कई संत, महंत और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## युवा संगम रोजगार मेले में 318 युवाओं का प्रारंभिक चयन

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

शासन के निदेर्शानुसार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्रतिमाह युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार व अप्रेंटिसशिप मेले) का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, उज्जैन द्वारा किया जा रहा है। इसी तारतम्यता में दिनांक 10 जून 2026 को कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में युवा संगम का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) खाचरौद, जिला उज्जैन परिसर में किया गया।रोजगार मेले में 11 कंपनियों के 350 रिक्त पदों के लिए 508 युवक-युवतियों का पंजीयन किया गया, जिसमें से 318 युवक-युवतियों का प्रारंभिक चयन किया गया। इसके साथ ही जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 140 आवेदकों को काउंसिलिंग कर उन्हें करियर मार्गदर्शन व परामर्श दिया गया। साथ ही आईटीआई के माध्यम से अप्रेंटिसशिप में 15 युवाओं का चयन किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं जनपद पंचायत खाचरौद द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई है।

# लंबित मांगों को लेकर सड़क पर उतरे पेंशनर्स, कोठी पैलेस पर रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रदर्शन, 6 सूत्रीय मांगों को लेकर उठाई आवाज

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन



मध्य प्रदेश के पांच लाख पेंशनर्स की ज्वलंत समस्याओं और लंबित मांगों के निराकरण के लिए बुधवार को प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने कोठी पैलेस पर प्रदर्शन किया। प्रांतीय अध्यक्ष ओमप्रकाश बुधौलिया के आह्वान पर करीब 90 से 100 की संख्या में सदस्यों ने एकत्रित होकर रैली निकाली। इस दौरान नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

एसोसिएशन की तहसील शाखा उज्जैन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में पेंशनर्स की 6 प्रमुख समस्याओं को उठाया गया है। इसमें मुख्य रूप से मप्र राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) को अविलंब समाप्त करने, राज्य सरकार की घोषणा के अनुरूप कैशलेस बीमा योजना लागू करने तथा पेंशनर्स से इसका प्रीमियम न लेने की मांग की गई है। इसके साथ ही पेंशनर्स को देय आर्थिक लाभ व महंगाई राहत समय पर देने, कोरोना काल के एरियर सहित छठवें वेतनमान के 32 माह और 7वें वेतनमान के 27 माह के एरियर का 6 प्रतिशत ब्याज दर के साथ भुगतान करने की बात कही गई है। ज्ञापन में न्यायालयीन निर्णयों को मान्य करते हुए 80 वर्ष के बजाय 79 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन का लाभ देने और नियमित कर्मचारियों की तरह पेंशनर्स को भी उपादान राशि के भुगतान की मांग प्रमुखता से उठाई गई है।

उज्जैन तहसील के साथ ही जिले की घटिया, तराना, माकड़ोन और महिदपुर तहसीलों में भी बुधवार को पेंशनर्स द्वारा अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिए गए। कोठी पैलेस पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विक्रमसिंह चौहान, अशोक कुमार जैन, घनश्याम तिवारी, ओमप्रकाश वर्मा, नरेंद्र सिंह राठौर, अनिल त्रिवेदी, जगदीश कारपेंटर, अनिल पंचोली, अनुनेश्वरी गौतम और प्रमोद जोशी सहित तहसील, जिला एवं संभाग के कई सदस्य तथा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के विरोध में कांग्रेस का उपवास और धरना प्रदर्शन

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ मंदसौर



राज्यसभा चुनाव के लिए पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस के तत्वावधान में बुधवार को एक दिवसीय उपवास और धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांधी चौराहा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर सुबह ११ बजे से शाम ४ बजे तक चले इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

धरना प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश रातड़िया और पूर्व विधायक पुष्पा भारतीय नवकृष्ण पाटिल, मो. हनीफ शेख रफत पयामी मनजीतसिंह टूटेजा, इष्टा भाचावत अध्यक्ष, शहर ब्लॉक कांग्रेस, विकास दशौरा ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, राजेश रघुवंशी, अजय लोढा, दीपक सिंह गुर्जर, तरुण खींची सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग करते हुए और लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों पर प्रहार करते हुए पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन का नामांकन द्वेषपूर्ण भावना और षड्यंत्र के तहत निरस्त किया गया है, जो सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या है।

इस अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने और अपना विरोध दर्ज कराने के लिए आयोजित इस उपवास कार्यक्रम में त्रिदेव पाटीदार, विक्रम विद्यार्थी, मनजीतसिह टूटेजा, अजय लोढा, सुरेश भाटी, विभिन्न मोर्चा संगठनों के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नटराजन के नामंकन निरस्त होने पर कांग्रेसजनों ने अपने आप को जंजीरों में जकड़ा

**पिपलिया मंडी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बूढ़ा ने प्रातः 11 बजे से उपवास रखा। इस मौके पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने अपने आप को प्रतीकात्मक स्वरूप जंजीरों में जकड़ कर यह संदेश दिया कि सत्ताधारी दल द्वारा संविधान को बंधक बनाकर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। इस मौके पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव मुकेश पोरवाल ने कहा कि भाजपा का लोकतंत्र में कोई विश्वास नही रह गया है,साजिश और षडयंत्रो के सहारे सत्ता में बने रहना चाहते है ।लेकिन अंत मे विजय सत्य को ही होगी। ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शीतल सिंह बोराना,मल्हारगढ़ के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने निर्वाचन आयोग ओर भाजपा सरकार पर तिखा हमला बोलते हुवे कहा कि निवार्चन आयोग भाजपा सरकार के हाथों को कठपुतली बना हुवा है ।मीनाक्षी जी का नामंकन निरस्त करना लोकतंत्र की हत्या है भाजपा ने हमेशा बाबासाहेब के संविधान को मानने के बजाय अपने संविधान को मानने का प्रयास किया है ।निर्वाचन आयोग को तत्काल मीनाक्षी का नामांकन स्वीकार करना चाहिए।

## खबर एक नजर...

### आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा और त्वरित रिस्पॉन्स पर जोर

**उज्जैन.** सिंहस्थ-2028 को लेकर पुलिस लाइन में आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को भोपाल से पीएचक्यू स्पेशल ब्रांच के एआईजी नीरज पांडेय व पुलिस अकादमी भौंरी की एएसपी रश्मि पांडेय ने सुरक्षा प्रबंधन के गुर सिखाए। दोनों ही अधिकारी पूर्व में यहां बतौर एडिशनल एसपी पदस्थ रह चुके है और वीआईपी व धार्मिक जुलूसों की ड्यूटी के दौरान सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन के नए-नए तरीके अपनाते रहे है। सामुदायिक पुलिसिंग को भी बढ़ावा देते रहे। ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को सिंहस्थ मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं, आपदा प्रबंधन और अन्य विभागों के साथ आपसी समन्वय में पूरी तरह दक्ष बनाना है, ताकि ये मास्टर ट्रेनर्स आगे जाकर अपनी-अपनी इकाइयों के पुलिस बल को तराश सकें।

### ग्राम पिंगलेश्वर में सामुदायिक कूप का सफल जीर्णोद्धार किया

**उज्जैन।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत उज्जैन की ग्राम पंचायत पिंगलेश्वर में सामुदायिक भागीदारी की एक शानदार सफलता देखने को मिली है।ग्राम पंचायत की पूरी टीम, कमेटी स्टाफ तथा जागरूक ग्रामीणों ने मिलकर गांव के ऐतिहासिक एवं जीवनदायी सामुदायिक कूप (कुएँ) की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार का सफल प्रयास किया है।इस प्रयास से वर्षों से उपेक्षित पड़ा यह जल-स्त्रोत अब पुनः अमृत समान जल प्रदान करने के लिए तैयार हो गया है।ग्राम पंचायत पिंगलेश्वर की यह सफलता इस बात का जीवंत प्रमाण है कि जब शासन की दूरदर्शी योजना जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 को जनपद पंचायत का मार्गदर्शन, ग्राम पंचायत की पूरी टीम, समर्पित स्टाफ और गांव के आम नागरिकों का सामूहिक सहयोग मिल जाता है तो इतिहास के सोए हुए जल स्त्रोत भी जाग उठते हैं।इस कार्य के तहत सामुदायिक कूप की सफाई, गाद निकालना, झाड़ियाँ हटाना एवं अन्य जीर्णोद्धार कार्य पूरे किए गए।ग्राम पंचायत सरपंच निकाली बाई के सहयोग से 1.5 क्विंटल कार्य पूर्णता के साथ यह कार्य संपन्न हुआ। कुल स्वीकृत राशि 0.04 लाख रुपये रही तथा कार्य की शुरूआत विगत 01 मई 2026 को हुई थी।जीर्णोद्धार से अनेक लाभ प्राप्त हुए हैं। जल क्षमता में वृद्धि हुई है जिससे वर्षा जल का बेहतर भंडारण संभव हो सकेगा। भूजल स्तर में सुधार हुआ है, स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता बढ़ी है तथा कृषि एवं पशुपालन के लिए विश्वसनीय जल स्त्रोत तैयार हुआ है। साथ ही ग्रामीण महिलाओं को निकटतम एवं सुरक्षित जल संग्रहण की सुविधा भी मिल गई है।इस अभियान में ग्रामीणों ने विशेष उत्साह दिखाया। सरपंच के नेतृत्व में स्थानीय महिलाओं एवं युवाओं ने सक्रिय भागीदारी की। कूप के चारों ओर की सफाई, जालीदार संरक्षण दीवार का निर्माण एवं आसपास के क्षेत्र को सुव्यवस्थित करने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।यह सामुदायिक कूप जीर्णोद्धार की सफलता जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनपद पंचायत उज्जैन एवं ग्राम पंचायत पिंगलेश्वर की इस उपलब्धि को पूरे जिले के अन्य गांवों के लिए प्रेरणादायी उदाहरण बनाया जाएगा।

### माँ शिप्रा का पूजन एवं चुनरी अर्पित कर शुद्ध जल की कामना

**उज्जैन।** बड़ा पुल स्थित पवित्र शिप्रा नदी तट पर उदयपुर से आए भगवान दास एवं उनके परिवार द्वारा माँ शिप्रा पूजन, चुनरी अर्पण एवं विशाल भंडारा के कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माँ शिप्रा के जल की शुद्धता एवं निर्मलता के लिए प्रार्थना करना तथा जनमानस में नदी संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश देना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत कामाख्या तंत्र पीठ आश्रम के कामाख्या पुत्र हिमालय गिरी महाराज के सान्निध्य में माँ शिप्रा की आरती से हुई। इसके पश्चात विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माँ शिप्रा का पूजन कर चुनरी अर्पित की गई। संतोष शर्मा ने बताया कि उदयपुर निवासी भगवान दास एवं उनका परिवार प्रतिवर्ष उज्जैन आकर माँ शिप्रा का पूजन-अर्चन करता है। इसी परंपरा के तहत इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में साधु-संत एवं श्रद्धालु शामिल हुए।भगवान दास ने कहा कि माँ शिप्रा में स्नान करने से व्यक्ति को आध्यात्मिक शांति एवं पुण्य की प्राप्ति होती है। माँ शिप्रा के आशीर्वाद से ही उन्हें विभिन्न शहरों में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों, संत सेवा एवं भंडारा प्रसादी के कार्यों में सहभागी बनने की प्रेरणा मिलती है, जिससे उनके परिवार को सुख-शांति प्राप्त होती है। इस वर्ष माँ शिप्रा के पूजन के दौरान परिवार ने यह संकल्प भी लिया है कि आगामी सिंहस्थ-2028 में उज्जैन आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सेवा हेतु विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

### भव्य कॉरिडोर निर्माण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री काल भैरव मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर क्षेत्र के समग्र विकास एवं सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर श्री सेनापति काल भैरव गौ सेवा संगठन द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। अघोर अखाड़ा व श्री सेनापति काल भैरव गौ सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णुनाथ महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञापन में बताया गया कि श्री काल भैरव मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु तथा विशेष अवसरों पर लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए दर्शन व्यवस्था, बारिश से बचाव एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर किए जाने की आवश्यकता है।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने किया मंदसौर शहर के मंदिरों में विशेष पूजन और पौधारोपण

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, समर्पण, गरीब कल्याण और सुशासन के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में पूरे जिले के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री के दीघार्यु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर और प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसौदिया उपस्थित रहे, जबकि विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में स्थानीय विधायकों और जनप्रतिनिधियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, आत्मविश्वास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयामों को छुआ है। यह कालखंड १४० करोड़ देशवासियों के सपनों को साकार करने का गवाह रहा है, जिसमें गरीब कल्याण से लेकर डिजिटल क्रांति और आधारभूत संरचना का अभूतपूर्व विस्तार शामिल है। शसबका साथ, सबका विकासश के मंत्र ने जनभागीदारी को मजबूत किया है और विकसित भारत-2047 के संकल्प के साथ देश आगे बढ़ रहा है।

इस विशेष अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अष्टमुखी श्री पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में 12 फलदार और औषधीय पौधे लगाए गए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता मदनलाल राठौर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, मुकेश काला, भाजपा नेता निहाचंद मालवीय, भाजपा जिला महामंत्री शिवराजसिंह राणा, विजय सुराना, महेश जूनवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्षगण विनय दुबेला, गौरव अग्रवाल, सुनिल जैन, भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन, भाजपा जिला मंत्रीगण पुलकित पटवा, जगदिश गुर्जर, रानू भावसार, मंडल अध्यक्षगण अरविंद सारस्वत, विनोद डगवार, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मवेशी पालक अपने मवेशियों का बांधकर रखें

रतलाम। नगरीय क्षेत्र रतलाम के सार्वजनिक मार्गों, सड़कों एवं चौराहों पर मवेषियों का स्वच्छंद विचरण करना प्रतिबंधित किया गया है। सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों के कारण यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। रतलाम सीमा अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानो पर मवेशी के घुमते पाये जाने पर उन्हे जिले की विभिन्न गौशालो मे भेज दिया जायेगा



## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बावड़ी उत्सव सीतानहानी पर मनाया

ब्रह्मास्त्र ›› नेपानगर

मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बावड़ी उत्सव नगर की सीतानहानी धार्मिक स्थल पर मनाया गया जन अभियान परिषद जिला बुरहानपुर द्वारा चयनित नवांकुर संस्था श्रद्धा बुद्ध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था द्वारा नगर की ऐतिहासिक धार्मिक स्थल सीता नहानी पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बावड़ी उत्सव मनाया गया इस दौरान प्राकृतिक जलाशय की पूजा अर्चना की गई साथ ही आस पास साफ सफाई कर आम नागरिकों से जल संरक्षण की अपील की गई वही जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक मनीष कुमार सर एवं खकनार ब्लॉक समन्वयक अमजद खान सर महिला एवं बाल विकास विभाग की नेपानगर परियोजना अधिकारी प्रगति खराड़िया मैडम द्वारा उपस्थित नागरिकों को जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी बताई गई इस दौरान श्रद्धा बुद्ध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था सचिव रविन्द्र मसाने संस्था सदस्य मोहन इंगले राजेन्द्र मसाने, धनराज पाटील, सर्वेश किंगे, आर्यन पाल, प्रांशु अहीरे, शहजाद अली, दीपाली पाटील, शीतल पाटील सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## शराब मामले में फरार आरोपी को धर दबोचा, पांच महीने से फरार था आरोपी

ब्रह्मास्त्र ›› टांडा

दिनांक 28 दिसम्बर 2025 को देहात भ्रमण के दौरान सूचना मिली थी कि आरोपी नगर सिंह पिता बालू सिंह अनारे निवासी घुडदलिया,का अपने घर में अवैध रूप से शराब रखा है इस सूचना पर थाना टांडा के पुलिस फोर्स के साथ दबिश दी गई थी। जो घर से 30 पेटी माउंट बियर जप्त की गई थी कीमती 72 हजार रुपये की पाई थी आरोपी के विरुद्ध थाना टांडा में अपराध क्रमण 215/25 धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तलाश की जा रही थी। दिनांक 9 जून को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि आरोपी बोरी जिला आलीराजपुर से गुजरात की ओर जाने की सूचना मिली थी तत्काल पुलिस मौके पर घेराबंदी की गई और भागने से पहले पकड़ा अपराध धारा में गिरफ्तार किया गया जो माननीय न्यायालय पेश किया गया आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी संजय कुमार रावत और थाना टांडा के पुलिस बल का योगदान रहा।

## आंधी-तूफान से तबाह फसलों की स्थिति मुख्यमंत्री को बताकर अर्चना चिटनिस ने मांगी सहायता राशि

ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर



जिले में बीते दिनों आए भीषण आंधी-तूफान और वर्षा से किसानों की फसलों को हुए व्यापक नुकसान के बाद विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने भोपाल में मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात कर प्रभावित किसानों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने किसानों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने, सर्वे कार्य में तेजी लाने तथा नुकसान का उचित आंकलन कर शीघ्र सहायता प्रदान करने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।

अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री को बताया कि जिले के अनेक गांवों में आंधी-तूफान और वर्षा के कारण विशेष रूप से केले की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर खेतों में तैयार फसल पूरी तरह जमीन पर गिर गई है, जिससे किसानों को लाखों रुपए की आर्थिक क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि यह प्राकृतिक आपदा किसानों की मेहनत, उम्मीदों और आजीविका पर गहरा आघात है।

आपदा के तुरंत बाद अर्चना चिटनिस ने प्रभावित क्षेत्रों का लगातार दौरा किया। उन्होंने गांव-गांव पहुंचकर नुकसानग्रस्त खेतों का निरीक्षण किया, किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सर्वे कार्य गंभीरता, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिए।

## दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ›› सनावद

लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1की नवीन सत्र 2026-27 के लिए प्री कैबिनेट आचमन और पीएसटी रीजन जोन ट्रेनिंग/स्कूलिंग इंदौर में सम्पन्न हुई।डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य और गवर्नर 26-27 जयप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में दो दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न सत्र में प्रशिक्षण एवं क्विज कार्यक्रम हुए।।अतिथि स्पीकर द्वारका जालान पूना सहित डिस्ट्रिक्ट के प्रशिक्षक एवं पीडीजी ने अध्यक्ष,सचिव,कोषाध्यक्ष एवं रीजन जोन को मार्गदर्शन एवं जानकारी प्रदान की।सेवा कार्यों एवं प्रशासनिक कार्यों रिपोर्टिंग आदि के बारे में विस्तृत कार्यशाला हुई। ओंकारेश्वर अनंत क्लब से अध्यक्ष मुश्ताक मलिक, ओंकारेश्वर- बेड़ियां क्लब संस्थापक जाकिर हुसैन अमी, हरीश पुरोहित, बेड़ियां क्लब से लवकुश पटेल,सीताराम पटेल,हुकुम पटेल आदि ने उपस्थिति दर्ज की। वीडीजी राम जाट, डॉ राजेंद्र सोडानी उपस्थित रहे।

## पेंशन विरोधी नीतियों के विरोध में आंदोलन का आह्वान किया गया

ब्रह्मास्त्र ›› मनावर

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा मनावर एवं गंधवानी द्वारा आयोजन प्रांतीय पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल मप्र के आव्हान पर मध्यप्रदेश शासन की पेंशन विरोधी नीतियों के विरोध में पेंशनर्स के सम्मान,अधिकार और न्याय के लिए आंदोलन का आह्वान किया गया जिसके फलस्वरूप तहसील स्तर जिसमे प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा मनावर के अध्यक्ष-भाना लाल सोलंकी और गंधवानी शाखा के अध्यक्ष शांतिलाल राठौर एवं सचिव हरिराम पाटीदार द्वारा अनुविभागीय अधिकारी महोदय (राजस्व ) को दिनांक 10 जून को एस डी एम कार्यालय इंदौर रोड पर उपस्थित होकर ज्ञापन सौपा। ज्ञापन का वाचन शर्मा मैडम द्वारा किया गया।उक्त जानकारी प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा मनावर के मीडिया प्रभारी संजय वर्मा ,सुनील जौहरी द्वारा दी गई।

## कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन निरस्त होने पर चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका

ब्रह्मास्त्र ›› जावरा

प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में बुधवार को यूथ कांग्रेस ने खाचरोद नाका चौराहा पर मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सन्नी अखेड़िया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अल्फेज पठान, पिपलोदा दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष नितिन चौहान ,उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष नागेश्वर पाटीदार ,की उपस्थिति में खाचरोद ना का चौराहे पर मुख्य चुनाव कमिश्नर ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया ।उल्लेखनीय की राज्यसभा के लिए कांग्रेस प्रत्याशी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने पर कांग्रेस द्वारा प्रदेश में जमकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है । इस मौके पर एनएसयूआई पूर्व जिला अध्यक्ष संयम शर्मा, पार्षद कन्हैयालाल हाडा, पार्षद प्रतिनिधि इमरान मंसूरी ,महासचिव चंद्रशेखर शर्मा ,जावेद पॉपुलर, कमल वर्मा ,भंवर सिंह चौहान ,जितेंद्र सोलंकी, कमल डावर, पारस धाकड़,, शरद कदम, अमन चौहान, युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


## मंडलेश्वर क्षेत्र में विकास की नई उड़ानः स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक सुधार


ब्रह्मास्त्र ›› मंडलेश्वर

क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजकुमार मेव के सतत प्रयासों और दूरदर्शी सोच के चलते मंडलेश्वर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिल रहा है। कभी साधारण उपचार के लिए भी लोगों को इंदौर, खरगोन या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, लेकिन आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडलेश्वर आधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की मजबूत टीम के साथ क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। विधायक राजकुमार मेव की पहल और निरंतर प्रयासों से मंडलेश्वर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अब क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए भरोसे का केंद्र बन चुका है। यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता से मरीजों को समय पर उपचार मिल रहा है, जिससे आर्थिक और मानसिक परेशानियों में भी कमी आई है। स्वास्थ्य केंद्र मंडलेश्वर में वर्तमान में विभिन्न रोगों के उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम कार्यरत है। अस्पताल प्रभारी एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल बामनिया, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश कुमार पाटीदार, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. दूरगेन्द्र सोलंकी, सर्जन डॉ. शिवप्रताप ओहरिया, एनेस्थेटिस्ट डॉ. शरद कुमार भण्डारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# टाईम पास

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**
1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ्र | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | ड़े | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौ | वी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ला | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ब्रा | र | अ | प | श |
| व | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

मोन्टू : आँख क्यों सूजी हुई है ?
बन्टू : कल मैं अपनी पत्नी के जन्मदिन पर केक लेकर गया था
मोन्टू : लेकिन इसका आँख सूजने से क्या संबंध है?
बन्टू : मेरी पत्नी का नाम तपस्या है लेकिन केक वाले बेवकूफ दुकानदार ने लिख दिया हैप्पी बर्थडे समस्या...

00000

दुकानदार : मैंने आपको दुकान की एक-एक चप्पल दिखा दी, अब तो एक भी बाकी नहीं है।
महिला : वो सामने वाले डिब्बे में क्या है?
दुकानदार : बहन, रहम कर थोड़ा, उसमें मेरा लंच है...

00000

साइकिल वाले ने एक आदमी को टक्कर मार दी और बोला भाईसाहब आप बहुत किस्मत वाले हो
आदमी : एक तो तूने मुझे टक्कर मारी और ऊपर से मुझे किस्मत वाला कह रहे हो ?
साइकिल वाला : आज छुट्टी है तो साइकिल चला रहा हूँ नहीं तो मैं ट्रक चलाता हूँ

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रोहतक में जिंदा जले शोरूम मालिक-दो वर्करों का अंतिम संस्कार

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

रोहतक की डी-पार्क मार्केट में मंगलवार को लगी आग ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। किसी ने तीन दिन पहले ही अपनी बेटी का जन्मदिन मनाया था, कोई अपने भाई के साथ शू फैक्ट्री शुरू करने का सपना देख रहा था, तो कोई पिछले 20 वर्षों से एक ही शोरूम में नौकरी कर परिवार का सहारा बना हुआ था। कुछ ही मिनटों में लगी आग ने इन तीनों की जिंदगी छीन ली।

इस हादसे में होम टाउन शूज के संचालक सौरभ उर्फ रोहित (19), रोहतक शूज के कर्मचारी अमन यादव (38) और कपिल (50) जिंदा जल गए। आग लगने के करीब सात घंटे बाद तीनों के शव मलबे से बाहर निकाले गए। तीनों कंकाल बन चुके थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगते ही रोहतक शूज का मालिक बाहर निकल आया, लेकिन शटर गिरने से अमन और कपिल अंदर ही फंस गए। देर रात तक कुछ दुकानों में आग सुलगती रही और राहत-बचाव कार्य जारी रहा। बुधवार दोपहर को तीनों का अंतिम संस्कार किया गया। अमन और कपिल के बेटे व सौरभ के भाई ने उसे मुखाग्नि दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए और घायलों को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया।

## मानसून 7 दिनों से एक ही जगह रुकाः

# उत्तरप्रदेश में तूफान, 3 मौतें; बिहार में आंधी-बारिश



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

मानसून ने केरलम में 4 जून को दस्तक दी थी। इसके बाद 6 जून तक यह पांच राज्यों में आगे बढ़ा। अब पिछले 7 दिनों से यह तमिलनाडु के चेन्नई, महाराष्ट्र के हरनाई और बंगाल के सिलीगुड़ी में रुका है। हालांकि, अगले तीन दिनों में इसके तेजी से आगे बढ़ने का अनुमान है। जल्द ही मानसून महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के बाकी हिस्सों को पार कर लेगा।

गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में प्री-मानसून का असर है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, दिल्ली, पश्चिम बंगाल में बारिश हुई। बिहार में पटना, बक्सर, सुपौल समेत 5 जिलों में सुबह-सुबह आंधी के साथ बारिश हुई, अंधेरा छाया। लोगों को गाड़ियों की लाइट जलाकर चलना पड़ा। यूपी के चित्रकूट में 4.5 करोड़ रुपए के ऑडिटोरियम की छत उड़ गई। इटावा, सीतापुर और फिरोजाबाद में हादसों में 3 लोगों की मौत हुई।

वहीं पंजाब के मानसा में तेज आंधी में लोहे का गेट गिरने से 9 साल के बच्चे की मौत हो गई। राजस्थान के कई इलाकों में आंधी चली। दिल्ली में खराब मौसम के चलते 2 फ्लाइट जयपुर डायवर्ट हुईं। आज 22 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। इनमें राजस्थान, एमपी, यूपी, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, तमिलनाडु, केरलम, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और गोवा शामिल हैं। वहीं गुजरात को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट है। बारिश के बावजूद यूपी, दिल्ली, राजस्थान, एमपी, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के कई शहरों में पारा 40°C से ज्यादा रहा। देश में सबसे ज्यादा पारा पंजाब के भटिंडा में दर्ज किया गया। यहां पारा 46.2°C रहा। वहीं राजस्थान के श्रीगंगानगर में पारा 45.9°C, यूपी के बांदा में 45.4°C, महाराष्ट्र के ब्रह्मपुरी में 45.5°C और एमपी के खजुराहो में 45°C दर्ज किया गया।

## आंधी-बारिश के कारण दिल्ली से जयपुर डायवर्ट हुई 2 फ्लाइट्स



मानसून ने केरलम में दस्तक देने के 6 दिन में पूर्वोत्तर के सभी राज्यों को कवर कर लिया है। मंगलवार को यह मिजोरम, मेघालय, सिक्किम और पश्चिम बंगाल पहुंचा। अब तक 16 राज्यों में मानसून की एंट्री हो चुकी है। दिल्ली में खराब मौसम के चलते दिल्ली आ रही दो फ्लाइट्स को जयपुर डायवर्ट कर दिया गया। उत्तर प्रदेश के इटावा में तेज तूफान के साथ बारिश हुई। 100 स्त्रँ की रफ्तार से आंधी भी चली। इस दौरान 100 से ज्यादा जगहों पर पेड़-पोल गिर गए। गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में प्री-मानसून का असर है। बिहार में मंगलवार को 10 जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई। बेगूसराह में एक ऑटो पर पोल गिर गया। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड होने से 5 कारें मलबे में दब गईं। पवने टक्ळ्ळ इलाके में पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा ढहा था। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में आंधी-बारिश हो सकती है। कई जगह 50-70 स्त्रँ की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के कुछ इलाकों में ओले गिरने की आशंका है। बिहार, झारखंड और ओडिशा में तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है। बिहार के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान है। मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश में कहीं-कहीं ओले गिरने की आशंका है।

## 'राम को काल्पनिक' कहने पर राहुल के खिलाफ दोबारा सुनवाई

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भगवान राम को कथित तौर पर काल्पनिक कहने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ FIR की मांग वाली याचिका पर फिर से वाराणसी कोर्ट में सुनवाई होगी। टढ-टछअ की सीनियर कोर्ट ने बुधवार को लोअर कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

एडिशनल डिस्ट्रिक जज यजुवेंद्र विक्रम सिंह ने केस को वापस लोअर कोर्ट भेजते हुए नए सिरे से सुनवाई करने के आदेश दिए हैं। राहुल गांधी पर अमेरिका के न्यूयॉर्क में ब्राउन यूनिवर्सिटी में भगवान राम को काल्पनिक कहने का आरोप है। पिछले साल 12 मई को एडवोकेट हरिशंकर पांडेय ने याचिका दायर की थी।

दावा किया था कि राहुल गांधी ने अमेरिका के ब्राउन यूनिवर्सिटी में भगवान राम को पौराणिक बताया था। 10 जून, 2026 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। इस आदेश के खिलाफ हरिशंकर पांडेय ने 26 सितंबर, 2025 को जिला जज की कोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दायर की थी। सीनियर एडवोकेट हरिशंकर पांडेय ने कहा- राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई का पूरा आधार है। इसी आधार पर हमारी याचिका स्वीकार की गई है। कोर्ट ने इस बात को माना है कि राहुल गांधी ने भगवान राम को काल्पनिक कहा था।

उन्होंने कहा- राहुल गांधी के खिलाफ इठर की धारा-163 और 4 में FIR दर्ज करने की मांग की गई है। इन धाराओं में गंभीर अपराध माना जाता है। अगर राहुल दोषी पाए जाते हैं, तो 5 साल की सजा हो सकती है। अगले महीने के पहले सप्ताह में कोर्ट में याचिका पर सुनवाई होगी। एडवोकेट हरिशंकर पांडेय ने याचिका में दावा किया था कि राहुल गांधी 21 अप्रैल, 2025 को अमेरिका के बोस्टन गए थे। यहां पर ब्राउन यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स के साथ उनका एक सेशन था। यहां राहुल ने भगवान श्रीराम को लेकर विवादित बयान दिए थे। उन्होंने भगवान राम को 'पौराणिक' बताया था। साथ ही उस युग पर बताई जाने वाली कहानियों को काल्पनिक कहा था।

# चंडीगढ़ से दिल्ली जा रही फ्लाइट में हंगामाः लैंडिंग के समय यात्री पैनिक हुआ

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



चंडीगढ़ से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में बीते रविवार को एक पैसेंजर ने बीच हवा में हंगामा शुरू कर दिया। यात्री ने फ्लाइट की विंडो का शीशा भी तोड़ दिया। उसने फ्लाइट क्रू के साथ बदतमीजी की।

हालांकि, क्रू मेंबर्स ने पैसेंजर को संभाला और फ्लाइट को दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कराया। इसके बाद यात्री को सुरक्षा एजेंसियों के हवाले कर दिया गया। यात्री ने दिल्ली एयरपोर्ट पर भी भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया।

यात्री के परिजन का कहना है कि वह दिमागी रूप से बीमार है। इसके बाद जब उसका मेडिकल करवाया गया तो परिजन की बात सही निकली। इसके बाद यात्री को 30 दिन के लिए नो-फ्लाई लिस्ट में शामिल कर दिया। उ्छ्छअ को इसकी रिपोर्ट दी दी गई है, जो इसका बैन 6 महीने तक बढ़ा सकता है।

एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया- फ्लाइट में एक यात्री के अनियंत्रित व्यवहार के बाद कॉकपिट क्रू ने एसओपी का पालन किया। पैसेंजर को पहले कड़ी चेतावनी दी गई और दिल्ली एयरपोर्ट की सुरक्षा टीम को सूचित किया गया।

प्रवक्ता ने कहा- उड़ान के दौरान यात्रियों, क्रू और विमान की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया गया। एयरलाइन यात्रियों और स्टाफ की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस पॉलिसी अपनाती है। मामले की जानकारी डायरेक्टर जनरल सिविल एविएशन को दी गई है।

लैंडिंग के समय यात्री पैनिक हुआः फ्लाइट में सवार रहे एक पैसेंजर ने बताया है कि व्यक्ति चंडीगढ़ से उड़ान भरने बाद से शांत ही था। किसी को उसके बारे में कुछ भी संदिग्ध नहीं लगा। इसके बाद जब फ्लाइट दिल्ली पहुंची और लैंड हो रही थी, उसकी दौरान पैसेंजर पैनिक हो गया।

यात्री ने सीट से उठकर खिड़की के शीशे में मुक्के मारने शुरू कर दिए। विमान लैंड हो रहा था और उस समय सभी लोग सीट बेल्ट बांधकर बैठे थे। इसलिए, उसे रोकने के लिए कोई नहीं उठा। हालांकि, क्रू मेंबर्स को उसे रोकने के लिए आना पड़ा। तब तक उसने मुक्के मार-मारकर शीशा चटका दिया था।

**हिरासत में लियाः** प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, क्रू मेंबर्स ने यात्री को वापस सीट पर बैठाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना और हाथापाई करने लगा। आननफानन पायलट को सूचना दी गई। पायटल ने एयरपोर्ट को ग्राउंड सिक्योरिटी को सूचित कर दिया। तब तक क्रू मेंबर्स ही यात्री को कुर्सी पर पकड़कर बैठाए रहे।

### एयरपोर्ट से भी भागने लगा यात्री

एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी यात्री पटना का रहने वाला है। 8 जून की सुबह इसने दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर उसने पुलिस कस्टडी से भागने की कोशिश की लेकिन उक्र्रऋ की दफ्ळ ने उसे दोबारा दबोच लिया। एयरपोर्ट पर यात्री के माता-पिता भी मौजूद थे, जो उसके साथ सफर कर आए थे।

उन्होंने बताया कि युवक मानसिक बीमारी से पीड़ित है। उन्होंने उसे पटना ले जाने की गुहार लगाई। हालांकि, जांच जारी होने के कारण एयर इंडिया ने उसे दूसरी फ्लाइट में बैठने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद यात्री का मेडिकल कराया गया। उसकी रिपोर्ट में अनफिट पाए जाने के बाद उसे परिजन के साथ जाने की इजाजत दी गई।

इस बारे में एविएशन एक्सपर्ट अश्वनी खन्ना का कहना है कि विमान की विंडो में 2 शीशे होते हैं। दोनों आपस में जुड़े रहते हैं। अंदर का शीशा प्लास्टिक का होता है। बाहर एक कांच का शीशा होता है, जिसे तोड़ना बहुत मुश्किल होता है। उन्होंने कहा- फ्लाइट आसमान में हो और कोई पैसेंजर ऐसी हरकत करे तो क्रिमिनल ऑफिंस माना जाता है। अगर यात्री दोषी पाया जाता है तो सभी एयरलाइंस से उस यात्री की डिटेल शेयर कर दी जाती है, एयरलाइंस उसकी टिकट ही बुक नहीं करतीं। यानी उसका नाम नो फ्लाई लिस्ट में डाल दिया जाता है।

# मोदी बोले- कांग्रेस ने नाकामी का कलंक हिंदुओं पर लगाया

## हमने सालों के काम महीनों में किए




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनके कार्यकाल के 4,399 दिन पूरे होने पर भारत मंडपम में आयोजित एनडीए बैठक में उनका सम्मान किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, 12 साल में देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ। इस कुसंस्कृति का नाम कांग्रेस ग्रोथ रेट था। इसमें न गवर्नेंस थी, न नीति, न नीयत और न ही निर्णय। नाकामी कांग्रेस की थी लेकिन कलंक हिंदू आबादी पर लगाया गया। पीएम ने कहा, हमारे लिए दल से बड़ा हमेशा देश रहा है। हम नेशन फर्स्ट की भावना से काम करते हैं। भारत को सिर्फ दुनिया की बराबरी नहीं करनी, बल्कि उससे एक कदम आगे रहना है। वो दिन दूर नहीं जब हम मेड इन इंडिया प्लेन भी बनाएंगे।

एनडीए सरकार के 12 साल पूरे होने पर भारत मंडपम में हुई बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल की सराहना करते हुए एक अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने रखा, जबकि नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफियू रियो ने इसका समर्थन किया।

बैठक में भाजपा-ठऊअ शासित 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और अन्य नेता शामिल हुए। सभी ने मोदी को बधाई दी।

# राममंदिर के चढ़ावे में चोरी के दावे पर पीएमओ सख्त

## ट्रस्ट से रिपोर्ट मांगी; भाजपा नेता ने लेटर लिखकर सीबीआई जांच की मांग की थी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

अयोध्या राम मंदिर में आए चढ़ावे में 7 करोड़ रुपए की चोरी के दावे पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को मंदिर ट्रस्ट से रिपोर्ट मांगी है। यह जानकारी सूत्रों से पता चली है। भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने मंगलवार को प्रधानमंत्री को लेटर लिखकर उइकसे जांच कराने की मांग की थी।

इधर, राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने मंगलवार को ट्रस्ट के सदस्यों के साथ बैठक की थी। राम मंदिर परिसर के एक बंद कमरे में करीब 4 घंटे तक बैठक चली। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में चढ़ावे की राशि, उसके उपयोग और लेखा-जोखा जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को फिर से राम मंदिर में कथित चोरी का मुद्दा उठाया। अखिलेश ने सरकार से 11 सवाल पूछे। उन्होंने कहा- आखिर देश की सनातन आस्था से खिलवाड़ करने वालों के पीछे कौन लोग हैं? चढ़ावे में कथित चोरी करने वालों को कौन बचा रहा है? दरअसल, सपा सरकार में मंत्री रह चुके पवन पांडेय ने रविवार, 7 जून को दावा किया था कि राम मंदिर से 5 से साढ़े 7 करोड़ रुपए तक की चोरी की गई है। अखिलेश ने भी कहा था कि मामले पर सरकार की चुप्पी संदिग्ध है। कोर्ट को मामले का संज्ञान लेना चाहिए।



### भाजपा नेता ने लेटर लिखकर कहा था- CBI, ED से जांच कराई जाए

अयोध्या के भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने लेटर लिखा था- राम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। ऐसे में चढ़ावे, दान और मंदिर प्रशासन से जुड़े किसी भी विवाद या आरोप पर पारदर्शिता आवश्यक है। अगर आरोप निराधार हैं तो जांच के माध्यम से सच्चाई सामने लाई जाए। मामले की निष्पक्ष जांच किसी स्वतंत्र और उच्चस्तरीय एजेंसी से कराई जाए। दान की राशि इकट्ठा करने, गिनने, ले जाने और बैंक में जमा करने की पूरी प्रक्रिया का विशेष ऑडिट कराया जाए। अगर किसी व्यक्ति, कर्मचारी या अधिकारी की गलती या संलिप्तता सामने आती है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए, ताकि देश के श्रद्धालुओं का विश्वास बना रहे।

### अखिलेश बोले- सीसीटीवी जारी करने में क्या दिक्कत है?

अखिलेश ने मंगलवार को कहा- सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने में क्या दिक्कत है। साथ ही उन्होंने निजी कंपनियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए। पूछा कि चढ़ावे की गिनती जैसे संवेदनशील काम में ट्रस्ट और सरकारी बैंक के बीच निजी कंपनियों को शामिल करने का फैसला किसने लिया। उन्होंने कहा- आखिर ट्रस्टी कहना क्या चाहते हैं किसी को समझ नहीं आ रहा है। हेराफेरी में संलिप्त लोगों को हिरासत में लेने की खबरें अखबारों, टीवी चैनलों पर प्रसारित की जा रही हैं। पहले पुलिस कुछ नहीं कहती, लेकिन बाद में खंडन करती है। जनता के आक्रोश को देखकर पूरे देश के भाजपाइयों की घिग्घी बंध गई है।

### चोरी के दावे पर नेताओं ने क्या कहा, जानिए...

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा- सपा मुखिया अखिलेश यादव जी आपने कभी सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का सम्मान नहीं किया। आपकी सोच बाबरवादी है। श्रीराम मंदिर को लेकर अफवाह फैला कर झूठ गढ़ने का असफल प्रयास कर रहे हैं।

जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि अखिलेश अच्छा नहीं कर रहे हैं। मैं यही कह रहा हूं कि एक भी पैसा चोरी नहीं हो रहा है। जब दर्शन नहीं करेंगे, जब रामलला को निहारा ही नहीं तो आरोप तो लगाएंगे ही। जब रूप निहारेंगे तो आरोप बंद हो जाएंगे।

सहारनपुर में कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने राम मंदिर चंदे में कथित गड़बड़ी को लेकर अखिलेश यादव के आरोपों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा- अखिलेश जी ने जो बात कही होगी, वह किसी न किसी तथ्य के आधार पर कही होगी। वे हवा में बातें नहीं करते हैं।

मंत्री ओपी राजभर ने कहा- अखिलेश यादव कभी अयोध्या गए हैं? राम मंदिर का दरवाजा किधर है, वो देखे हैं? उनके पास कौन सबूत आ गया कि रुपए की चोरी हो गई। सरकार को पता नहीं, खुफिया तंत्र को पता नहीं और इनको जरूर पता हो गया। तो ये सब झूठ बोलने वाले लोग हैं, गुमराह करने वाले लोग हैं, और कुछ है नहीं।

अयोध्या से सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा- प्रभु श्रीराम के मंदिर में करोड़ों रुपए के चढ़ावे में हेरा-फेरी हुई है, लूट हुई है। ये लूट करने वाले कोई बाहरी नहीं हैं। लूट करने वालों जनता जानती है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा- अखिलेश यादव जी और उनकी पार्टी की बात पर यकीन नहीं किया जा सकता है। ये वो लोग हैं, जो श्रीराम मंदिर के रास्ते में रोड़े अटकाना चाहते थे।



## अखिलेश ने 11 सवाल उठाए

- कौन है इन सबके पीछे, जो देश की सनातनी आस्था से खिलवाड़ कर रहा है?
- चढ़ावे में चोरी का पाप करनेवालों को कौन बचा रहा है?
- इस अपराध के तार किन-किन लोगों से जुड़े हैं और कितनी दूर तक जाते हैं?
- कौन ऐसा अधर्मी है, जिसके हाथ में इस पूरे कांड की लगाम है?
- इस घपले का सरगना कहां छिपा बैठा है?
- इस घोटाले में किस-किस की हिस्सेदारी है?
- इस कांड के खुलने के पीछे चोरी के पैसों के बंटवारे की लड़ाई मुख्य कारण है या कुछ प्रभावशाली लोगों की आपसी प्रतिस्पर्धा?
- पैसे गिनने जैसे संवेदनशील कार्य में ट्रस्ट और सरकारी बैंक के बीच निजी कंपनियों का खेल किसने खेला और उसका छिपा मंसूबा क्या है?
- सीसीटीवी सार्वजनिक करके मामले की सच्चाई बताने में क्या परेशानी है?
- डबल इंजन अब कहां हैं?
- डबल इंजन क्या सिर्फ डबल ईंधन का उपभोग करने के लिए हैं या उनकी कोई जिम्मेदारी भी है?

■ वर्ष-12 अंक-218 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 11 जून, 2026

### सुभाषितानि

त्यजेदेकं कुलस्यार्थे ग्रामस्यार्थे कुलं त्यजेत्।
ग्रामं जनपदस्यार्थे आत्मार्थे पृथिवीं त्यजेत्॥

**भावार्थ** : व्यक्ति को चाहिए की कुल के लिए एक व्यक्ति को त्याग दे। ग्राम के लिए कुल को त्याग देना चाहिए। राज्य की रक्षा के लिए ग्राम को तथा आत्मरक्षा के लिए संसार को भी त्याग देना चाहिए।

कोकिलानां स्वरो रूपं नारी रूपं पतिव्रतम्।
विद्या रूपं कुरूपाणां क्षमा रूपं तपस्विनाम्॥

**भावार्थ** : कोयलों का रूप उनका स्वर है। पतिव्रता होना ही स्त्रियों की सुन्दरता है। कुरूप लोगों का ज्ञान ही उनका रूप है तथा तपस्वियों का क्षमा- भाव ही उनका रूप है।

## सम्पादकीयम्

### अमेरिकनः पायलट् इरान्तः

अमेरिकनः पायलट् इरान्तः सुरक्षितरूपेण प्रत्यागच्छति, मातुः अश्रुपातः निवृत्तः; परन्तु १६०० ईरानीमातृणां पीडां कः अवगमिष्यति? अन्तिमेषु दिनेषु सामाजिकमाध्यमेषु साझाकृतायाः मातुः प्रार्थनायाः कारणात् युद्धस्य मानवीयपीडा उजागरः अभवत्। अमेरिकनयुद्धविमानचालकपुत्रस्य सुरक्षितपुनरागमनानन्तरं तस्याः मातुः मुखं स्मितं पुनः आगतं अस्ति। परन्तु इरान्-देशे अमेरिकन-इजरायल-आक्रमणेषु मृतानां १६०० तः अधिकानां नागरिकानां मातृणां दुःखं कः अवगमिष्यति? अधुना एव सामाजिकमाध्यमेषु एकस्याः मातुः सन्देशः आविर्भूतः। सा स्वस्य युद्धविमानचालकपुत्रस्य विषये अतीव चिन्तिता आसीत्। सा (पूर्वं ट्विट्टे) इत्यत्र लिखितवती यत् अद्य रात्रौ कृपया स्वप्रार्थनासु तान् एफ-15-विमानचालकद्वयं स्मर्यताम्, येषां विमानं इरान्-देशस्य उपरि निपातितम्। मातरः सार्वत्रिकः बन्धः, तेषां प्रार्थनाः सर्वेषु प्रतिध्वनिताः भवन्ति। अमेरिके स्वस्य विमानचालकानाम् उद्धाराय अन्वेषण-उद्धार-कार्यक्रमः आरब्धः-तस्याः मातुः पुत्रः अपि। परन्तु एतेन कथायाः एकं पक्षमेव प्रतिनिधित्वं भवति; अपरपक्षे शतशः इराणीमातरः अश्रुभिः मग्नाः सन्ति। सहस्राणि मृतानि : एतावता अस्मिन् संघर्षे ३५०० तः अधिकाः ईरानीजनाः स्वप्राणान् त्यक्तवन्तः।

मुम्बईनगरे मादकद्रव्यस्य दुरुपयोगविरुद्धं मेगा-अभियानम्:

## २५ लक्षं जनाः २५ जून दिनाङ्के सामूहिकप्रतिज्ञां करिष्यन्ति; ५,००० स्थानेषु जनजागरूकता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई



महाराष्ट्रसर्वकारः मुम्बई-देशस्य वित्तीयराजधानी-नगरं मादकद्रव्याणां दुरुपयोगात् मुक्तं कर्तुं उद्दिश्य विशालं जन-आन्दोलनं प्रारभ्यते। मुख्यमन्त्री देवेन्द्र फडणवीसस्य मार्गदर्शनेन तथा मंगलप्रभात लोधा (मुम्बई उपनगरीयमण्डलस्य मन्त्रिमण्डलमन्त्री सह-अभिरक्षकमन्त्री च) इत्यस्य उपक्रमेण मादकद्रव्यमुक्तमुम्बई अभियानस्य आरम्भः २०२६ तमस्य वर्षस्य जूनमासस्य २५ दिनाङ्के भविष्यति।अस्य अभियानस्य भागत्वेन सम्पूर्णे मुम्बईनगरे तस्य उपनगरेषु च ५,००० स्थानेषु एकत्रैव आयोजनानि भविष्यन्ति, यत्र ५ लक्षाधिकाः नागरिकाः मादकद्रव्यस्य दुरुपयोगस्य विरुद्धं प्रतिज्ञां कृत्वा समाजं मादकद्रव्यमुक्तं कर्तुं संकल्पं करिष्यन्ति।

महाराष्ट्रसर्वकारस्य अभिप्रायः अस्ति यत एतस्य अभियानस्य विकासः केवलं सर्वकारीयकार्यक्रमरूपेण न अपितु व्यापकजनसहभागितायाः विशेषतायाः सामाजिकान्दोलनरूपेण करणीयम्। मादकद्रव्यस्य दुरुपयोगस्य वर्धमानः प्रवृत्तिः न केवलं कानूनव्यवस्थायाः विषयः अपितु समाजस्य, परिवारस्य, युवानां भविष्यस्य च विषये गम्भीरः विषयः इति सर्वकारस्य मतम्। एतेन दृष्टिकोणेन प्रशासनं, सामाजिकसंस्थाः, शैक्षिकसंस्थाः, स्वैच्छिकसंस्थाः, सामान्यनागरिकाः च अस्मिन् अभियाने सम्मिलितुं सज्जता प्रचलति।

विमोचनात् पूर्वं तत्परतायाः समीक्षां कर्तुं मुम्बई उपनगरीयजिल्हे सह-अभिरक्षकमन्त्री मंगलप्रभात लोढ़ा जिलाधिकारी सौरभकटियारेण सह बैठकं कृतवती। सभायां अभियानस्य रूपरेखा, विभिन्नविभागानाम् उत्तरदायित्वं, जनप्रसारक्रियाकलापाः, बृहत्परिमाणेन जनसहभागिता सुनिश्चित्य रणनीतयः च समाविष्टाः आसन् एकदिवसीयकार्यक्रमस्य अपेक्षया दीर्घकालीनसामाजिकजागरूकतायाः उपक्रमरूपेण अस्य अभियानस्य विकासं कर्तुं अधिकारिभ्यः निर्देशः दत्तः।

समागमे मंगलप्रभात लोधा इत्यनेन उक्तं यत मादकद्रव्यरहितस्य मुम्बईनगरस्य स्वप्नः तदा एव साकारः भवितुम् अर्हति यदा समाजः प्रशासनं च मिलित्वा कार्यं कुर्वन्ति। सः अवदत् यत् युवानां मादकद्रव्यस्य दुरुपयोगस्य पकडात् उद्धारः एव अस्य घण्टायाः सर्वाधिकं त्वरितम् आवश्यकता अस्ति। यदि अद्य समाजः सजगः न भवति तर्हि आगामिनां पीढीनां भविष्यं संकटग्रस्तं भवितुम् अर्हति। सः नागरिकेभ्यः आह्वानं कृतवान् यत् ते एतत् अभियानं व्यक्तिगतदायित्वरूपेण दृष्ट्वा तस्मिन् सक्रियरूपेण भागं गृह्णन्तु।

सर्वकारस्य योजनानुसारं 25 जून दिनाङ्के विद्यालयेषु, महाविद्यालयेषु, निगमसंस्थासु, सरकारीकार्यालयेषु, आवासीयसङ्कुलेषु, सामाजिकसङ्गठनेषु, विभिन्नेषु सार्वजनिकस्थानेषु च सामूहिकप्रतिज्ञाग्रहणसमारोहाः भविष्यन्ति। एतेषु आयोजनेषु प्रतिभागिनः मादकद्रव्यस्य दुरुपयोगात् दूरं स्थातुं, तस्य दुष्प्रभावस्य विषये अन्येषां मध्ये जागरूकतां जनयितुं, समाजे सकारात्मकं वातावरणं पोषयितुं च संकल्पं करिष्यन्ति।

महानगरेषु मादकद्रव्यस्य दुरुपयोगः अधिकाधिकं महत्त्वपूर्णं आव्हानं भवति इति विशेषज्ञाः मन्यन्ते। युवानां मध्ये मादकद्रव्यादिमादकद्रव्याणां व्यसनेन अनेके सामाजिकमानसिकस्वास्थ्यविषयाः उत्पन्नाः सन्ति। एतेन न केवलं स्वास्थ्यं प्रभावितं भवति अपितु अपराधः, परिवारस्य विघटनं, सामाजिका असुरक्षा इत्यादीनि समस्यानि अपि उत्पद्यन्ते।

शी मिङ्ग् इत्यस्य

## कथा सिनेमाकथायाः अपेक्षया न्यूना नाटकीयः नास्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

आमिरखान अभिनीते अस्मिन् चलच्चित्रे भारतीयमल्लस्य महावीरसिंहफोगाटस्य तस्य पुत्र्यौ गीता फोगाट्, बबिताकुमारी च संघर्षस्य सफलतायाश्च कथां वर्णितम् आसीत्। न केवलं भारते अपितु चीनदेशे अपि अस्य चलच्चित्रस्य अभिलेखविध्वंसकसफलता प्राप्ता। चीनदेशे अयं अत्यन्तं लोकप्रियः अभवत्, यत्र एतत् बक्स् आफिस-मध्ये सहस्राणि कोटिरूप्यकाणि सफलतया अर्जितवान्। विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् एतत् आख्यानं-महिलाक्रीडकानां संघर्षेषु, पारिवारिकबन्धनेषु, क्रीडाभावनासु च केन्द्रीकृता-चीनीदर्शकानां हृदयेषु स्वस्य कृते विशेषं स्थानं उत्कीर्णम्।

शी मिङ्ग् इत्यस्य कथा सिनेमाकथायाः अपेक्षया न्यूना नाटकीयः नास्ति। व्यावसायिक एमएमए-योद्धा इति अतिरिक्तं सा चिकित्साशास्त्रज्ञः अपि अस्ति, आन्तरिकचिकित्साविशेषज्ञरूपेण कार्यं करोति। क्रीडायाः चिकित्साशास्त्रस्य च क्षेत्रेषु सक्रियरूपेण संलग्नतां दृष्ट्वा सा एम.एम.ए.जगति द डार्क्ट इति नाम्ना लोकप्रियतया प्रसिद्धा अस्ति। तस्याः अनुशासनं, लचीलापनं, द्वैधदायित्वं च स्कन्धं ग्रहीतुं क्षमता च क्रीडाजगति विशिष्टा परिचयं अर्जितवती अस्ति। मकाऊ-नगरे विजयस्य अनन्तरं शी मिंग-महोदयेन जनस्य ध्यानं आकर्षितम् अस्ति-न केवलं स्वस्य एथलेटिक-प्रदर्शनस्य माध्यमेन अपितु आमिर-खानस्य, दङ्गल-चलच्चित्रस्य च विषये स्वस्य टिप्पण्याः माध्यमेन अपि। सामाजिकमाध्यमेषु तस्याः वक्तव्यस्य प्रशंसा भारतस्य चीनस्य च मध्ये साझायाः सांस्कृतिकबन्धनस्य प्रतीकत्वेन क्रियते। रङ्गस्य एतस्य हाले प्राप्तस्य विजयेन सह शी मिंगस्य नाम पुनः अन्तर्राष्ट्रीय-एमएमए-परिपथस्य वातार्लापस्य विषयः अभवत्।

### अपि च, युवानां क्रीडकानां कृते अवसरान् दातुं, दलस्य अन्तः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

कर्तुं सः स्वीकृतः अस्ति। एषः लक्षणः क्रीडकेषु, दलप्रबन्धने च लोकप्रियं करोति। अपि च, युवानां क्रीडकानां कृते अवसरान् दातुं, दलस्य अन्तः सकारात्मकं वातावरणं स्थापयितुं च तस्य क्षमता तस्य महतीषु सामर्थ्येषु गण्यते आईपीएल-क्रीडायां तस्य नेतृत्वे बहवः युवानः क्रीडकाः उत्कृष्टं प्रदर्शनं कृत्वा नाम अपि कृतवन्तः। दलस्य अन्तः सन्तुलनं, सामञ्जस्यं च स्थापयितुं तस्य क्षमता चयनकर्तान् प्रभावितं करोति। यद्यपि बीसीसीआइ-संस्थायाः आधिकारिकघोषणा अद्यापि न कृता तथापि भारतीयटी-२०-दलः शीघ्रमेव नेतृत्वस्य नूतनयुगे प्रवेशं कर्तुं शक्नोति इति क्रिकेट्-जगति वर्धमानाः अनुमानाः।

### राशिफल

**मेष** : आपकी दौलत सेहत दोनों ही मुश्किल समय ला सकती है। पर्सनल मुद्दों को ऑफिस में प्रोडक्टिविटी पर असर न डालने दें।

**वृषभ** : सीखना आपके मन को उत्साहित करेगा। किसी रोमांचक टास्क की जिम्मेदारी लेने से पहले समझदारी से योजना बनाएं।

**मिथुन** : आशावाद और तैयारी आपके लिए नए द्वार खोलती है। अपने दिन को फलदायी बनाने के लिए दिल खोलकर सोचें।

**कर्क** : खुशहाली और अच्छी सेहत दोनों आपके साथ रहेंगी। सही कम्युनिकेशन आपकी लव लाइफ को रोमांटिक बनाए रखेगा।

**सिंह** : आज आत्मविश्वास में वृद्धि महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ अपनी भावनाओं को खुलकर जाहिर करें।

**कन्या** : छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्याएं मुश्किल समय ला सकती हैं। अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**तुला** : आपकी प्रोफेशनल लाइफ क्रिएटिव रहेगी और पूरे दिन धन भी बना रहेगा। लव अफेयर से परेशानियां दूर रखें।

**वृश्चिक** : सेहत और पैसे दोनों के मामले में दिक्कतें आ सकती हैं। आपको रिलेशन में ज्यादा बातचीत की जरूरत है।

**धनु** : मुश्किल टारगेट के बावजूद, आप वर्कप्लेस पर लक्ष्य हासिल करने में सफल होंगे। आर्थिक रूप से, आप अच्छे रहेंगे।

**मकर** : लव अफेयर में झगड़े सुलझाएं। परिवार के लिए समय निकालें। सुरक्षित फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट के बारे में सोचें।

**कुंभ** : उन पर नजर रखें। आर्थिक रूप से आप स्टेबल रहेंगे, और आपकी सेहत भी अच्छी है। लव लाइफ में परेशानियां आ सकती हैं।

**मीन** : आज अपनी आर्थिक स्थिति को बनाए रखें। बेवजह के खर्च से बचें, अन्यथा कर्ज की स्थिति बन सकती है।

ज्योतिष/वास्तु

## अगले 13 दिन इन तीन राशियों के लिए रहेंगे भारी, कालसर्प योग से बढ़ेंगी मुश्किलें

9 जून से 23 जून के बीच कालसर्प योग बनने जा रही है, जब ग्रहों की चाल एक विशेष संयोग का निर्माण करेगी। इस दौरान कुछ राशियों पर इसका प्रभाव अधिक देखने को मिल सकता है, जिससे उन्हें सावधानी और समझदारी के साथ कदम उठाने की जरूरत होगी।

ज्योतिष शास्त्र में कालसर्प योग को एक प्रभावशाली और चुनौतीपूर्ण योग माना जाता है। मान्यता है कि जिन लोगों की कुंडली में यह योग बनता है, उनके जीवन में समय-समय पर उतार-चढ़ाव और अप्रत्याशित परिस्थितियां देखने को मिल सकती हैं। यह योग तब निर्मित होता है जब कुंडली के सात



प्रमुख ग्रह राहु और केतु के बीच आ जाते हैं। ऐसी ही खगोलीय स्थिति 9 जून से 23 जून के बीच बनने जा रही है, जब ग्रहों की चाल एक विशेष संयोग का निर्माण करेगी। इस दौरान कुछ राशियों पर इसका प्रभाव अधिक देखने को मिल सकता है, जिससे उन्हें सावधानी और समझदारी के साथ कदम उठाने की जरूरत होगी। आइए जानते हैं ये राशियां कौन सी हैं।

**वृषभ राशि-** इस अवधि में वृषभ राशि के जातकों के करियर पर दबाव बढ़ सकता है। कार्यस्थल पर अचानक परिस्थितियां बदल सकती हैं, जिससे तनाव या काम का बोझ महसूस हो सकता है। ऐसे समय में धैर्य बनाए रखना और अपने काम पर ध्यान केंद्रित करना बेहद जरूरी होगा। सहकर्मियों के साथ बातचीत करते समय संयम बरतें, क्योंकि छोटी-सी बात भी विवाद का कारण बन सकती है। आर्थिक मामलों में जोखिम उठाने से बचना बेहतर रहेगा। इस दौरान सफेद वस्तुओं जैसे दूध, दही आदि का दान करना आपके लिए लाभकारी माना जाएगा।

**सिंह राशि-** सिंह राशि वालों के लिए यह समय रिश्तों की परीक्षा ले सकता है। केतु का आपकी राशि में और राहु का सातवें भाव में होना वैवाहिक जीवन में तनाव बढ़ा सकता है। छोटी-छोटी बातों पर बहस करने से बचना ही समझदारी होगी। जो लोग व्यापार से जुड़े हैं, उन्हें सफलता पाने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है और किसी महत्वपूर्ण डील के टूटने की संभावना भी बन सकती है। नौकरी बदलने का विचार कर रहे हैं, तो जल्दबाजी न करें और अनुभवी व्यक्ति की सलाह जरूर लें। यात्रा के दौरान अपने सामान की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। इस समय भगवान शिव के मंत्रों का जप करना मानसिक शांति देगा।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह अवधि करियर और प्रेम जीवन दोनों में हलचल ला सकती है। अचानक स्थान परिवर्तन या ट्रांसफर जैसी स्थितियां सामने आ सकती हैं। रिश्तों में गलतफहमी और शक की भावना दूरी बढ़ा सकती है, इसलिए अपने पार्टनर से खुलकर संवाद करना जरूरी है। पारिवारिक जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। साथ ही, छिपे हुए शत्रुओं से सावधान रहने की सलाह दी जाती है। 50 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों को स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। इस दौरान नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करना सकारात्मक परिणाम दे सकता है।

अमेरिका-कनाडा-मेक्सिको में 48 टीमों के बीच 104 मैच, नॉकआउट में 32 टीमें जाएंगी

## पहली बार तीन देश होस्ट करेंगे फीफा वर्ल्ड कप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई



23वां फीफा मेंस वर्ल्ड कप 12 जून से 20 जुलाई के बीच अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में खेला जाएगा। 96 साल के इतिहास में पहली बार तीन देश वर्ल्ड कप की मेजबानी कर रहे हैं। ओपनिंग मैच 12 जून 2026 को मेक्सिको सिटी में खेला जाएगा। इसमें मेक्सिको और साउथ अफ्रीका आमने-सामने होंगे।

16 शहरों में 48 टीमों के बीच 104 मैच खेले जाएंगे। इन टीमों को 12 ग्रुप्स में बांटा गया है। हर ग्रुप में चार टीमें हैं। 16 की जगह 32 टीमें नॉकआउट स्टेज में पहुंचेंगी। लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो सहित दुनिया के 1,248 फुटबॉलर्स वर्ल्ड कप में हिस्सा लेंगे।

2002 में जापान और कोरिया ने पहली बार मिलकर फीफा वर्ल्ड कप होस्ट किया था। अब 3 देश अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको हैं। मेक्सिको पहला ऐसा देश है, जिसे तीन बार (1970, 1986 और 2026) मेंस वर्ल्ड कप की मेजबानी का मौका मिला।

पहली बार 48 टीमें खेलेंगी। 1998 से अब तक केवल 32 देश इसमें हिस्सा लेते थे। 16 शहरों में 104 मैच होंगे (पहले 64 होते थे)। फाइनल में पहली बार हाफटाइम शो भी रखा जाएगा।

**16 की जगह 32 टीमें नॉकआउट खेलेंगी-** 48 टीमों को 12 ग्रुप में बांटा गया है और हर ग्रुप में 4-4 टीमें हैं। ग्रुप स्टेज में हर टीम तीन मैच खेलेगी। हर ग्रुप की टॉप-2 टीमें सीधे नॉकआउट दौर में पहुंचेंगी यानी 24 टीमें। हर ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहने वाली 12 टीमों में बेस्ट 8 को भी अगले दौर में जगह मिलेगी। इस तरह 32 टीमें नॉकआउट में एंट्री करेंगी। नॉकआउट में 32 टीमों के मैच के बाद 16 टीमें बचेंगी, इनके मुकाबले के बाद 8 टीमें क्वार्टर फाइनल खेलेंगी। इसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल खेले जाएंगे। इस नए फॉर्मेट के तहत टूर्नामेंट में कुल 104 मैच खेले जाएंगे, जो इसे फीफा इतिहास का सबसे बड़ा वर्ल्ड कप बनाता है।

**फ्रांस और स्पेन का ग्रुप मुश्किल-** डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना को ग्रुप जे में रखा गया है। स्पेन ग्रुप एच में है, फ्रांस ग्रुप आई में, जर्मनी ग्रुप ई में, पुर्तगाल ग्रुप के में और इंग्लैंड ग्रुप एल में है। ग्रुप एच, आई, जे, के और एल को ग्रुप ऑफ डेथ माना जा रहा है, क्योंकि इनमें मजबूत टीमें हैं। स्पेन के ग्रुप में उरुग्वे और सऊदी अरब जैसी टीमें हैं, जिन्होंने पिछले वर्ल्ड कप में कई उलटफेर किए थे। फ्रांस के ग्रुप में सेनेगल और नॉर्वे जैसी मजबूत टीमें हैं।

**गॉर्डन सबसे उम्रदराज और मोरा सबसे युवा खिलाड़ी-** फीफा के अनुसार टूर्नामेंट के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी स्कॉटलैंड के गोलकीपर क्रेग गॉर्डन हैं, जिनकी उम्र 43 साल 162 दिन है। सबसे युवा खिलाड़ी मेक्सिको के गिल्बर्टो मोरा हैं, उनकी उम्र 17 साल 240 दिन है। दोनों के बीच 25 साल से ज्यादा का अंतर है। इस वर्ल्ड कप में 20 साल से कम उम्र के 22 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। 40 साल या उससे ज्यादा उम्र के 7 खिलाड़ी भी मैदान पर नजर आ सकते हैं।

**वर्ल्ड कप में चार देश पहली बार-** काबो वर्डी (68 रैंक), क्यूरोसाओ (82 रैंक), जॉर्डन (66 रैंक), उज्बेकिस्तान (50 रैंक) पहली बार वर्ल्ड कप में खेलेंगे। इसके अलावा, हैती 1974 के बाद पहली बार आया है। ऑस्ट्रिया, नॉर्वे और स्कॉटलैंड 1998 के बाद लौट रहे हैं।

**चैंपियन को मिलेंगे 429 करोड़ रुपए-** वर्ल्ड कप 2026 में भाग लेने वाली 48 टीमों के बीच 5,600 करोड़ रुपए से ज्यादा (यूएसडी 655 मिलियन) की पुरस्कार राशि बांटी जाएगी, जो पिछले वर्ल्डकप की तुलना में 50% ज्यादा है। टूर्नामेंट की विजेता टीम को करीब 429 करोड़ रुपए (यूएसडी 50 मिलियन) मिलेंगे, जबकि उपविजेता को लगभग 283 करोड़ रुपए (यूएसडी 33 मिलियन) की राशि दी जाएगी। तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को करीब 249 करोड़ रुपए और चौथे स्थान की टीम को लगभग 232 करोड़ रुपए मिलेंगे।

**ब्राजील इतिहास की सबसे सफल टीम-** फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में ब्राजील सबसे सफल टीम रही है। ब्राजील ने रिकॉर्ड पांच बार (1958, 1962, 1970, 1994 और 2002) वर्ल्ड कप का खिताब जीता है।

## भारत 9 साल बाद श्रीलंका में टेस्ट सीरीज खेलेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत 9 साल बाद श्रीलंका में टेस्ट सीरीज खेलेगा। टीम 15 अगस्त से श्रीलंका दौरे की शुरूआत करेगी। 2017 में विराट कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम ने श्रीलंका को टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया था।

शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम दो टेस्ट मैच खेलेगी। पहला टेस्ट गॉल में खेला जा सकता है। वहीं दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में हो सकता है। यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 का हिस्सा होगी। टेस्ट सीरीज के अलावा भारत और श्रीलंका के बीच 3 टी-20 मैच भी खेले जा सकते हैं। क्रिकबज के मुताबिक बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने हाल में ही कहा था कि श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड से तीन मैचों की बात हुई है। श्रीलंका प्रीमियर लीग 9 अगस्त को खत्म होने वाली है। ऐसे में टेस्ट सीरीज के बाद टी-20 मुकाबले कराना ज्यादा आसान माना जा रहा है। भारत-ए की टीम अभी श्रीलंका दौरे पर ट्राई-सीरीज खेल रही है। टीम का पहला मुकाबला 9 जून को खेला गया। भारत ने इस वनडे मैच में श्रीलंका को 8 रन से हरा दिया।

लॉर्ड्स जीत के बाद

## स्टोक्स और एटकिंसन नाइटक्लब विवाद में घिरे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ ओस्लो

इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज गस एटकिंसन नए विवाद में फंस गए हैं। दोनों खिलाड़ियों का रविवार रात एक नाइटक्लब में सरेसेंस रग्बी क्लब के खिलाड़ियों के साथ विवाद हो गया। इस घटना में किसी खिलाड़ी के घायल होने की खबर नहीं है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, लॉर्ड्स टेस्ट में न्यूजीलैंड पर 115 रन की जीत के बाद स्टोक्स और एटकिंसन सोमवार तड़के एक नाइटक्लब पहुंचे थे। उसी दौरान सरेसेंस रग्बी क्लब के खिलाड़ी भी सीजन समाप्ति का जश्न मनाने वहां मौजूद थे। बताया जा रहा है कि विवाद की शुरूआत गस एटकिंसन और सरेसेंस रग्बी क्लब के एक एकेडमी खिलाड़ी के बीच हुई बहस से हुई थी, जो बाद में बढ़ गई। सरेसेंस रग्बी क्लब ने पुष्टि की है कि उनका एक एकेडमी खिलाड़ी रविवार रात हुई इस घटना में शामिल था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने टीम प्रोटोकॉल उल्लंघन के आरोप में स्टोक्स और एटकिंसन के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता के बीच खबरें हैं कि स्टोक्स कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। 17 जून से द ओवल में होने वाले दूसरे टेस्ट के दौरान भी जांच जारी रहने की संभावना है। ऐसे में स्टोक्स और एटकिंसन का उस मुकाबले में खेलना मुश्किल माना जा रहा है। ईसीबी ने जारी बयान में कहा कि मामले को आगे की जांच के लिए क्रिकेट रेगुलेटर के पास भेज दिया गया है।

## खबर एक नजर...

### जमीन सीमाकंन से पहले 2 पक्षों में विवाद, 10 घायल

**उज्जैन।** कायथा में ग्राम खारपा स्थित चापलाखेड़ी में जमीन सीमाकंन से राठौर (मालवीय) और गुर्जर पक्ष के लोगों में विवाद हो गया। गुर्जर परिवार की ओर से लाठी-डंडो से हमला किया गया। राठौर परिवार के 10 सदस्य घायल हो गये। कायथा प्रधान आरक्षक मनोज वर्मा ने बताया कि राठौर परिवार राहुल पिता चैनाजी निवासी लक्ष्मीपुरा को खारपा में पट्टा मिला हुआ था। जिस पर गुर्जर परिवार ने कब्जा कर लिया था। मामला तहसील कार्यालय में पहुंचा था। जहां से सीमाकंन के आदेश जारी हुये थे। तहसीलदार और पुलिस सीमाकंन स्थल पहुंचता उससे पहले गुर्जर और राठौर परिवार वहां पहुंच गया। गुर्जर समाज के लोगों ने कब्जा नहीं छोड़ने की बात पर हमला कर दिया। जिसमें राहुल के 70 वर्षीय पिता चैनाजी राठौर, संजू पिता रामचंद्र 30 साल, गोविंद राठौर 36 साल, कैलाश 40 साल, चतरबाई 65 साल, श्यामूबाई 62 साल, अरूण 30 साल, मेहरबान 35 साल, ओमप्रकाश 30 साल घायल हो गये। राहुल की शिकायत पर हमला करने वाले नटवर गुर्जर, जितेन्द्र गुर्जर, गुड्डा गुर्जर, अरूण गुर्जर, बनेसिंह गुर्जर, मानसिंह गुर्जर, ईश्वर गुर्जर सहित अन्य के खिलाफ मारपीट और एसटी/एससी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### पानी भरने के विवाद में घायल को लगाने पड़े 17 टांके

**उज्जैन।** पानी भरने पर हुए विवाद में पति-पत्नी और पुत्र ने पड़ोसी पर हमला कर दिया। घायल पड़ोसी को अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों को उसकी चोंट गंभीर होने पर 17 टांके लगाना पड़ गये। मामला भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम विनायका है। घायल अशोक पिता भैरूसिंह आंजना 50 साल का उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है। घायल ने बताया कि वह ग्राम के सरकारी बोरिंग पर पानी भरने गया था। जहां पड़ोस में रहने वाली आशुबाई भी आ गई। उसने पानी का पाइप छीन लिया। जिस पर उनके बीच विवाद हुआ तो आशुबाई का पति देवीसिंह, पुत्र आसित भी आ गया और तीनों ने ईंट-डंडे से हमला किया। मारपीट में उसके 8 दांत टूट गये और गंभीर चोंट आई है। डॉक्टरों ने 17 टांके लगाये है। मामले में जानकारी मिलने पर भैरवगढ़ थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज कर उसके भाई बहादूरसिंह की शिकायत बुधवार शाम देवीसिंह और उसके परिवार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया।

### युवक के साथ 15 माह बाद मिली लापता बालिका

**उज्जैन।** रिश्तेदार के यहां पंवासा थाना क्षेत्र के गलपुरा में रहने वाली नाबालिग 21 फरवरी 2025 को रात के समय लापता हो गई थी। परिवार के सभी जगह तलाश करने के बाद पुलिस को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। नाबालिग के पास मोबाइल नहीं था जिसके चलते उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही थी। वहीं परिवार ने किसी युवक की जानकारी भी पुलिस को नहीं दी थी। जिसके चलते नाबालिग का पता नहीं चल पा रहा था। सालभर बीत जाने के बाद पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने पेंडिंग मामले का निराकरण करने के लिये एसआई नितेश मिठौरा, एएसआई संतोष राव आरक्षक पंकज पाटीदार और महिला आरक्षक निकिता पाटीदार की टीम गठित की। इस दौरान सामने आया कि नाबालिग राजगढ़ जिले की रहने वाली थी और 15 दिन पहले ही मां के साथ रिश्तेदार के यहां आई थी। पुलिस टीम द्वारा मुखबीर तंत्र को अलर्ट किया। तभी खबर मिली कि उक्त नाबालिग पचोर स्टेशन पर एक युवक के साथ दिखाई दी है। टीम तत्काल पचोर स्टेशन पहुंची और आसपास के क्षेत्र में तलाश कर नाबालिग को दस्तयाब कर लिया। उसके साथ सागर उर्फ रामसागर पिता बद्रीलाल केवट 23 साल निवासी गोपालपुर थाना सारंगपुर मिला। दोनों को उज्जैन लाया गया। जहां सामने आया कि नाबालिग को युवक शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया था। युवक ने उसका शोषण भी किया है। पुलिस ने बयान दर्ज करने के बाद युवक के खिलाफ पास्को एक्ट के साथ दुष्कर्म की धारा का इजाफा किया। बुधवार दोपहर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। नाबालिग को परिजन अपने साथ ले गये है।

### पंवासा थाना क्षेत्र में शराबी ने वृद्धा से की मारपीट




**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के देवलमाता कालोनी में रहने वाली पार्वती पति रणछोड़दास 62 साल के साथ पड़ोसी मनोज ने मारपीट की। बीच-बचाव में बेटी ममता आई तो साथ भी झूमाझटकी करने लगा। पार्वतीबाई के घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बेटी ममता ने बताया कि मनोज शराबी है। रात में नशा करने के बाद उनके दरवाजे में आकर सो गया था। उसे दरवाजे से हटने के लिये कहा तो उसने मां के साथ मारपीट की। मामले में पंवासा थाना पुलिस ने शराबी मनोज के खिलाफ जांच शुरू की है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 225-9 | 456-5 |
| मेन बाजार | 277-6 | 480-2 |
| मिलन डे | 458-7 | 779-3 |
| मिलन नाइट | 368-7 | 566-7 |

2 3 8

### रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मो पर 9 दिनों में तीसरी वारदात

# प्लेटफार्म नं. 7 पर महिला यात्री के गले से उड़ाई 2 तोला वजनी चेन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मो पर कुछ दिनों से बदमाशों को गिरोह सक्रिय दिखाई दे रहा है, जो महिला यात्रियों को निशाना बनाकर चेन-मंगलसूत्र उड़ा रहा है। एक बार फिर रतलाम की यात्रा करने प्लेटफार्म नम्बर 7 पर पहुंची महिला की 2 तोला वजनी चेन चोरी कर ली गई।

पिपलीनाका क्षेत्र की रहने वाली हेमलता कोठारी मंगलवार को रतलाम की यात्रा करने के लिये रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 7 पर पहुंची थी। जहां साप्ताहिक ट्रेन हैदराबाद-जयपुर का इंतजार कर रही थी। इस दौरान काफी भीड़ थी, ट्रेन के आने पर महिला यात्री ने भीड़ में चढ़ने का प्रयास किया उसी दौरान उसके गले से 2 तोला वजनी सोने की चेन बदमाशों ने उड़ा दी। ट्रेन के रवाना होने के बाद आधे रास्ते में हेमलता कोठारी को चेन चोरी होने का पता चला। रतलाम पहुंचने के बाद वह वापस लौटी और जीआरपी थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पिछले 9 दिनों में महिला यात्रियों के साथ तीसरी वारदात होना सामने आई है। इससे पहले रविवार को प्लेटफार्म नम्बर 2 पर नागदा-इंदौर पैसेंजर में देवास जाने के लिये चढ़ने का प्रयास कर रही अश्विनी पति अंशुल शर्मा निवासी नागदा के गले से बदमाशों ने भीड़ का फायदा उठाकर मंगलसूत्र चोरी कर लिया था। यहीं नहीं 3 जून को प्लेटफार्म नम्बर ८ पर उज्जैन की रहने वाली सरिका पति संजय सोनी के साथ वारदात होना सामने आया था। सरिका दाहोद जाने के लिये प्लेटफार्म पर खड़ी थी उसी दौरान इंदौर-दौंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस आई। वह कोच नम्बर 5 के खड़ी थी इसी बीच यात्रियों की भीड़ में अज्ञात बदमाशों ने उसके गले से 72 हजार कीमत की चेन गले से गायब कर दी थी। 9 दिनों में जिस तरह से तीन वारदात होना सामने आई, उससे लग रहा है कि प्लेटफार्मो पर बदमाशों गिरोह सक्रिय है।




#### चोरी में महिलाओं के शामिल होने का शक

मामले में जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि तीनों वारदातों के मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। आरपीएफ की मदद से प्लेटफार्मो पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। आशंका है कि यात्रियों की भीड़ में वारदात को अपराधिक प्रवृति की महिलाओं द्वारा अंजाम दिया जा रहा है, जो यात्री बनकर प्लेटफार्मो पर पहुंच रही है। वारदतों को रोकने के लिये जीआरपी की एक टीम लगातार प्लेटफार्मो पर सर्चिंग कर रही है और संदिग्ध महिलाओं के साथ लोगों पर नजर रख रही है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वारदत करने वाली महिलाएं भी भीड़ के साथ ट्रेन में चढ़ जाती है और आगे चलकर स्टापेज आने पर उतरकर फरार हो रही है। जिसके चलते सुराग नहीं मिल पा रहा है।

#### लाखों की संख्या में उज्जैन आ रहे यात्री

महाकाल लोक का लोकार्पण होने के बाद पिछले 3-4 सालों से प्रतिदिन देशभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु ट्रेनों का सफर कर उज्जैन तक पहुंच रहे और वापस ट्रेनों से लौट रहे है। जिसके चलते प्लेटफार्मो पर सुबह से लेकर रात तक काफी भीड़ दिखाई दे रही है। इसी का फायदा बदमाशों द्वारा उठाया जा रहा है। चेन-मंगलसूत्र चोरी के साथ यात्रियों के मोबाइल और सामान चोरी के मामले भी सामने आ रहे है। मोबाइल चोरी को पुलिस तकनीकी साक्ष्यों से ट्रेस कर रही है। लेकिन सामान और आभूषण मामले में सुराग नहीं मिल पा रहा है।

# बदमाशों ने ईदगाह के पास रात में फोड़े 5 वाहनों के कांच

### शाम तक दर्ज नहीं कराई शिकायत, कैमरे खंगाल रही पुलिस

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

ईदगाह के पास मंगलवार-बुधवार रात बदमाशों ने 5 वाहनों के कांच फोड़ दिये। सुबह मामला सामने आने के बाद शाम तक किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई। पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर क्षेत्र में लगे कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ईदगाह के पास बनी कालोनी में रहने वाले लोगों द्वारा अपने चार पहिया वाहनों के साथ परिवहन के वाहनों को रात में मार्ग के किनारे घरों के बाहर खड़ा किया जाता है। बुधवार सुबह चार से पांच वाहनों के कांच फूटे होना सामने आया। जिसके बाद रहवासियों में आक्रोश व्याप्त हो गया। उनका कहना था कि कुछ दिनों से क्षेत्र में वाहनों के कांच फूटने के मामले सामने आ रहे है। वाहनों के कांच फूटने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। जिसके बाद पुलिस ने संज्ञान लिया और ईदगाह के पास कालोनी तक पहुंची। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। जिन वाहनों के कांच फूटे है उनके मालिकों से शिकायत दर्ज कराने के लिये कहा गया है। लेकिन शाम तक कोई भी शिकायत दर्ज कराने थाने नहीं पहुंचा था। थाना प्रभारी का कहना था कि रहवासियों से कहा गया है कि किसी पर शंका है या फिर किसी को पहचानते है तो नामजद शिकायत करे। पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। बताया जा रहा है कि रहवासियों में डर का माहौल है। पूर्व में कुछ लोगों द्वारा वाहन खड़े का विरोध भी किया था। जिसके बाद से कांच फूटने की घटना सामने आ रही है।



# चैकिंग में युवकों के पास मिली 15 ग्राम ड्रग्स

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

वाहन चैकिंग के दौरान बाइक सवार 2 युवकों को रोक तलाशी ली गई तो उनके पास से मादक पदार्थ ड्रग्स बरामद हो गई। दोनों को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि मंगलवार रात वाहन चैकिंग पाइंट लगाया गया था। इस दौरान पालखंदा टोल प्लाजा की ओर से तेजगति में आ रही बाइक पर सवार 2 युवको को रोका गया। दोनों ने बचकर निकलने का प्रयास किया, लेकिन पाइंट पर बेरिकेटिंग होने पर दोनों को पकड़ लिया गया। उनसे वाहन संबंधी दस्तावेज मांगे गये और उनकी तलाशी लगी गई। उनके पास से प्लास्टिक की थैली में रखी 15 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। पूछताछ करने पर दोनों के नाम सोहेल पिता इलियास 26 साल निवासी ग्राम बांगर देवास और मदिन पिता हाफिज 30 साल निवासी बेगमबाग सामने आये। दोनों के खिलाफ एडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में तराना से ड्रग्स लाना कबूल किया है। दोनों से बरामद ड्रग्स और बाइक की कीमत 2 लाख रुपए होना पाई गई है। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों को ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले की तलाश में एक टीम तराना भेजी जायेगी।



**सीतामऊ में करणसिंह की तलाश-** मादक पदार्थ ड्रग्स के मामले में चिमनगंज थाना पुलिस ने गरोठ ब्रिज के नीचे से नागपुर के रहने वाले पंकज चरड़े और बिहार के अमित तिवारी को गिरफ्तार कर 1 किलो 15 ग्राम एमडी बरामद की थी। दोनों को पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ में मंदसौर के सीतामऊ में रहने वाले करणसिंह से ड्रग्स लाना कबूल करने पर चिमनगंज थाना पुलिस की एक टीम सीतामऊ के बिलारी रवाना की गई है। जहां करणसिंह की तलाश में दबिश दी जा रही है।

### जबरन खिलाई गई थी नवविवाहिता को सल्फास की गोली

# 8 दिन बाद पति के साथ सास-ससुर गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

जहरीला पदार्थ खाने के बाद अस्पताल में भर्ती कराई गई नव विवाहिता ने तहसीलदार को बयान में बताया था कि उसे जबरदस्ती पति और सास-ससुर ने सल्फास की गोली खिलाई। नवविवाहिता की उपचार के दौरान मौत हो गई थी, मामले में पुलिस ने पति और सास-ससुर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम बरथून में रहने वाली नवविवाहित प्रिया पति बालकदास बैरागी 25 साल को 2 जून को नागदा से उज्जैन रैफर किया गया था उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान पाया था कि प्रिया ने जहरीला पदार्थ खाया है। हालात गंभीर देख उसके मजिस्ट्रेट बयान तहसीलदार स्तर पर कराए गए थे जिसमें उसने अपने पति और सास-ससुर द्वारा जबरदस्ती सल्फास की गोली खिलाना बताया था। उपचार के दौरान 5 जून को प्रिया की मौत हो गई थी। माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया था और मामले की जांच भाटपचलाना थाना पुलिस को सौपी थी। थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि मजिस्ट्रेट बयान के आधार पर मामले में पति बालकदास, सास राजूबाई और ससुर प्रहलाद दास के खिलाफ धारा 103 (1), 49, 115 (2), 3 (5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रिया की 8 साल पहले शादी हुई थी उसके बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। कुछ समय पहले प्रिया की शिकायत पर पति के खिलाफ मारपीट का प्रकरण भी दर्ज किया गया था। मामला तलाक तक पहुंच चुका था लेकिन समझाइश इसके बाद दोनों साथ रहने लगे, लेकिन ससुराल पक्ष की प्रताड़ना काम नहीं हुई थी। प्रिया का मायका खाचरोद के समीप ग्राम मडावदा का है उसके परिवार और आसपास के लोगों द्वारा भी प्रताड़ित करने की जानकारी पुलिस को दी गई थी। बुधवार को गिरफ्तार पति और सास ससुर को न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेजा गया है।



# एसआई की सर्तकता से वापस सुरक्षित लौटी बालिका

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

सूनासान रास्ता और रात केअंधेरे में तेजी से हाथ में बैग लेकर जाती बालिका को घर लौट रहे एसआई ने देखा तो बालिका को रोक लिया। बालिका घर छोड़कर भाग रही थी। एसआई ने अनहोनी होने से पहले उसे वापस सुरक्षित परिवार के सुपुर्द कर दिया।

घट्टिया थाना एसआई अलकेश डांगे मंगलवार-बुधवार रात 1 बजे ड्युटी खत्म होने पर बाइक से घर लौट रहे थे। उसी दौरान थाना परिसर ग्राउंड की ओर से तहसील कार्यालय तरफ फोरलेन की ओर हाथ में बैग लेकर अकेली बालिका अंधेरे में सुनसान रास्ते पर दिखाई दी। एसआई ने बाइक घुमाई और बालिका के पास पहुंचकर उसे रोक लिया। पुलिस देख बालिका घबराने लगी, एसआई ने संवेदनशीलता दिखाते हुये परिवार के संबंध में जानकारी मांगी। बालिका ने बमुश्किल पिता का नम्बर दिया। जो थाना भवन के पीछे कालोनी के रहने वाले थे। एसआई ने पिता को कॉल किया और बालिका के बारे में पूछा। पिता ने घर में होने की बात कहीं, एसआई ने थाने बुलाया। बालिका को थाने लाया गया। माता-पिता के आने पर उन्होने बालिका को देखा तो हैरत में पड़ गये। बालिका से पूछताछ में सामने आया कि माता-पिता की डांट-फटकार से नाराज होकर बिना बताए घर से कहीं दूर जाने के लिये निकल गई थी। एसआई और पुलिस स्टॉफ ने बालिका के साथ परिजनों को समझाईश दी और बालिका को सुरक्षित घर भेज दिया। अगर बालिका और एसआई के आने-जाने में कुछ समय की देरी होती तो बालिका के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था। बालिका 15 साल की होकर कक्षा 10 वीं की छात्रा थी।

### छत पर चढ़े युवक की करंट लगाने से मौत

**उज्जैन।** वषार्काल से पहले टीनशेड की छत पर सफाई करने चढ़े युवक की करंट लगने से मौत हो गई। बुधवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर मामला जांच में लिया है। इंदौररोड स्थित मोतीनगर में रहने वाला अशोक पिता कमल केवट 40 साल ईंट भट्टे पर काम करता था। मंगलवार रात काम से लौटने के बाद वह छत की सफाई करने के लिये चढ़ा था। छत टीनशेड की होने पर काम के दौरान ऊपर से गुजरे बिजली के तारों से टकरा गया। करंट लगने पर उसकी मौके पर मौत हो गई। पत्नी माया और मां फूलबाई ने घटना देखी तो तत्काल लोगों की मदद से अशोक को नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद बॉडी पोस्टमार्टम कक्ष भेज दी। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि अशोक दताना-मताना ईंट भट्टे पर काम करता था और 3 बच्चों का पिता था, वह अधिकांश भट्टे पर ही रहता था। कुछ दिनों में घर आता था। मंगलवार को आने पर उसने कहा कि बारिश का मौसम शुरू होने वाला है। छत पर काफी कचरा जमा है, जिसे साफ कर देता हूं, ताकि बारिश आने पर पानी नहीं टपकेगा।

### मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने पर कांग्रेस का उपवास, भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप

# अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के विरोध में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फ्रीगंज टावर चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष उपवास कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या और राजनीतिक षड्यंत्र का आरोप लगाया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ. अंबेडकर के चित्र हाथों में लेकर नामांकन निरस्त किए जाने की घटना की कड़ी निंदा की। संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। पूरे उपवास कार्यक्रम के दौरान 'रघुपति राघव राजा राम' भजन का गायन भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने कहा कि एक ओर भारतीय जनता पार्टी नारी वंदन की बात करती है, वहीं दूसरी ओर नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व कर रहीं मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करवाया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से लाखों मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किया गया और अब मध्य प्रदेश के कांग्रेस विधायकों के मतदान अधिकारों पर भी प्रभाव डालने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस कार्रवाई को संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए विरोध दर्ज कराया।

#### बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रहे उपस्थित

उपवास कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजित सिंह ठाकुर, देवव्रत यादव, धीरज यादव, राजेश राणा, अशोक सारवान, भेरूसिंह बापू, फिरोज पठान, देवेंद्र पाटनी, आनंद मीणा, अभिषेक शर्मा, रहीम लाला, संचित शर्मा, राहुल लोट, गजेंद्र मारोठिया, बंटी वसीम, दीपेश जैन, मुकेश सूर्यवंशी, फिरोज भारती, अनवर नागोरी, हर्ष पुरोहित, आशीष ठाकुर, धर्मेंद्र सिसोदिया, चंदू यादव, मनोज त्रिवेदी, पवन यादव, राजेश चौहान, रमेश सांखला, कृष्णा यादव, संदीप सूर्यवंशी, दुर्गेश धवन सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com